डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार वर्ष 31 अंक प्रकाशित, भोपाल 05.08.2024 से 11.08.2024 वर्ष-41 अंक-32 मूल्य ₹ 10.00

संक्षिप्त खबर

नीति आयोग की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की 9वीं बैठक में शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा सहित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, पदेन एवं आमंत्रित सदस्य केंद्रीय मंत्री, नीति आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्य उपस्थित थे। इस वर्ष की बैठक की थीम 'विकसित भारत@2047' थी, जिसमें वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य पाने में राज्यों की भूमिका पर चर्चा हुई। बैठक में भारत को वर्ष 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच 'टीम इंडिया' के रूप में सहयोगात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिये जाने की रूपरेखा तैयार करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

सात लाख से अधिक परिवारों को मिल रहा राशन

भोपाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में 'मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम' योजना संचालित हो रही है। इसके तहत 20 अनुसूचित जनजाति बहुल जिलों में 89 विकासखण्डों के 6575 शासकीय उचित मूल्य दुकान विहीन ग्रामों में 7 लाख 13 हजार परिवारों को वाहन द्वारा राशन का वितरण किया जा रहा है। ग्रामवार वितरण स्थल एवं दिनांक का निर्धारण संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में लगे वाहनों का संचालन अनुसूचित जनजाति के युवकों द्वारा ही किया जाता है। राशन वितरण 472 वाहनों से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग को दी बधाई

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि और दीनदयाल अन्त्योदय योजना के क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत होने पर, नगरीय विकास एवं आवास विभाग को बधाई दी है। पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्म-निर्भर निधि योजना में चयनित हितग्राही को कार्यशील पूंजी ऋण, ब्याज अनुदान सहायता, केन्द्र शासन द्वारा एवं अतिरिक्त शेष ब्याज राज्य शासन उपलब्ध कराता है। योजना अंतर्गत 11 लाख 95 हजार ऋण प्रकरणों में 1736 करोड़ रुपये वितरित करते हुए देशभर में मध्यप्रदेश सबसे आगे रहा है।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

ज्ञान-समृद्ध पुस्तकालयों में शामिल भोपाल की सेन्ट्रल लाइब्रेरी का होगा आधुनिकीकरण



भोपाल, भोपाल में स्कूल शिक्षा विभाग के 3 पुस्तकालय संचालित हो रहे हैं। इनसे नागरिकों विशेष रूप से युवाओं को समाचार पत्रों के साथ विभिन्न अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इन पुस्तकालयों के जीर्णोद्धार के लिये विभाग द्वारा विशेष प्रयास किये गये हैं। शासकीय मौलाना आजाद सेंट्रल लाइब्रेरी के जीर्णोद्धार के लिये कलेक्टर भोपाल द्वारा 6 करोड़ 50 लाख रुपये का बजट उपलब्ध कराया है। इससे पुस्तकालय क्षेत्र का विस्तार, 3 मंजिला भवन निर्माण, पार्किंग व्यवस्था और नवीन फर्नीचर आदि का कार्य हो रहा है। इन कार्यों के हो जाने के बाद सेंट्रल लाइब्रेरी में वर्तमान व्यवस्था के अलावा 500 और नये सदस्यों को अध्ययन सुविधा उपलब्ध होगी। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा भी पुस्तकालय का अनुरक्षण एवं विकास का कार्य किया गया है। पुस्तकालय सदस्यों की मांग पर विभागीय बजट से करीब 350 नई ज्ञानवर्धक पुस्तकें क्रय कर पाठकों को उपलब्ध कराई गई हैं।

साठ हजार पुस्तकों का है भंडार

भोपाल के न्यू मार्केट में मल्टीलेवल स्मार्ट पार्किंग के द्वितीय तल पर भोपाल जिला पुस्तकालय संचालित किया जा रहा है। इस पुस्तकालय में करीब 60 हजार पुस्तकों का संग्रह उपलब्ध है। इस पुस्तकालय में भी प्रतिदिन नागरिकों के अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये युवा अध्ययन करने पहुँचते हैं।

सिंगरौली के चितरंगी में लाड़ली बहनों के आभार सह-उपहार कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

प्रदेश में स्थापित उद्योगों में बहनों को प्राथमिकता के आधार पर रोज़गार दिया जायेगा - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना आभार-सह उपहार कार्यक्रम में हितलाभ वितरित किए

सिंगरौली, बहनों के सशक्तिकरण के लिए मेरी सरकार कृत-संकल्पित है। प्रदेश की बहनों से जो अपार स्नेह मुझे मिला है उसके लिए मैं सदा आभारी रहूंगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगरौली जिले के चितरंगी में आयोजित लाड़ली बहनों के लिए आभार सह-उपहार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का आयोजन रक्षाबंधन और श्रावण उत्सव के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन का महीना त्योहारों की सौगात लेकर आता है जिसमें रक्षाबंधन का त्योहार बहनों का सबसे बड़ा त्योहार है। उन्होंने कहा कि बहनों के त्योहार में खुशियों का रंग भरने के लिए 10 अगस्त को लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपए के अतिरिक्त 250 रुपए भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए विभिन्न प्रकार के उद्योगों की स्थापना की जा रही है। उद्योग रोज़गार आधारित होंगे तथा उनमें बहनों को प्राथमिकता के आधार पर रोज़गार दिया जायेगा।

निःशुल्क गैस कनेक्शन की व्यवस्था की गई है

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उज्ज्वला योजना से बहनों के लिये निःशुल्क गैस कनेक्शन की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में उज्ज्वला कनेक्शन के हितग्राहियों तथा लाड़ली बहनों को 450 रुपये में गैस रीफिल की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह सहित बहनों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने स्नेह के साथ जमीन पर बैठकर बहनों से राखी बंधवाई। सिंगरौली जिले की लाड़ली बहनों की ओर से 101 फिट लंबी राखी लाड़ले भैया डॉ. यादव को बांधी गई।

विकास के पथ पर सबसे अग्रणी रहेगा सिंगरौली

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगरौली जिला प्रदेश का दूरस्थ जिला है लेकिन यह विकास के पथ पर सबसे अग्रणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने बरगवां में 15 करोड़ रुपये की लागत से 50 बिस्तर का अस्पताल बनाने की घोषणा की। उन्होंने सीएसआर मद से 50 करोड़ रुपये की लागत से चितरंगी के सभी मंजरे टोलों में विद्युतीकरण की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सिंगरौली से सप्ताह में तीन दिवस हवाई यात्रा की सुविधा देने की घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में गरीब से गरीब व्यक्ति को एयर एम्बुलेंस की सुविधा मिलेगी। हमारे लिए लोगों की जीवन सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। कलेक्टर एवं चिकित्सकों की अनुशंसा पर आयुष्मान कार्ड धारकों को यह सुविधा निःशुल्क मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगरौली में माइनिंग महाविद्यालय का शुभारंभ शीघ्र किया जायेगा।

हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में हितग्राहियों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया। उन्होंने प्रीति देवी यादव को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत टेंट हाउस परियोजना के लिए लाभान्वित किया। उन्होंने स्व-सहायता समूहों को आजीविका की गतिविधि बढ़ाने हेतु 10 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की। साथ ही 9 करोड़ तीन लाख रुपये की राशि का वितरण मुर्गी पालन करने वाले किसानों के लिए चूजे तैयार करने एवं दाना उत्पादन हेतु मुर्गी हैचरी, पुलेट ब्रिडर एवं फीड फार्म योजना अंतर्गत किया। वहीं जैविक कृषि व्यावसायिक सब्जी उत्पादन, उन्नत पशुपालन तथा डेयरी कार्य एवं खाद उत्पादन निर्माण के लिए 86 लाख रुपये की राशि प्रदान की।

हिंदी में विज्ञान संप्रेषण का प्रोत्साहन आवश्यक

भोपाल, मातृभाषा में विज्ञान को समझना सरल है इस दिशा में कार्य करते हुए मध्यप्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में आरंभ की गई। हिंदी में विज्ञान संप्रेषण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक स्तर पर वातावरण निर्मित करने की आवश्यकता है। विज्ञान भारती द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएसआईआर-प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान और विज्ञान भारती द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश हिंदी विज्ञान सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर कही। सीएसआईआर एम्प्री परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एम्प्री के अर्ध वार्षिक प्रकाशन 'अनुसंधान संदेश' तथा राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान सम्मेलन-2024 की स्मारिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कवि, साहित्यकार तथा शिक्षाविद् डॉ. संतोष चौबे को आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे विज्ञान संवर्धन सम्मान से सम्मानित भी किया गया।

नवाचार को भी सम्मानित किया जाना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान से संबंधित तकनीकी शब्दों के हिंदी में अनुवाद से विज्ञान का जन-सामान्य में सम्प्रेषण बढ़ेगा और विज्ञान से संबंधित जिज्ञासा बढ़ेगी, जिससे विषय को समझना सरल होगा। व्यवहारिक ज्ञान के आधार पर किए गए नवाचार को भी सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पराधीनता ने देशवासियों को अपने गुणों को पहचानने में ही असमर्थ बना दिया था, लेकिन अब बदलते परिवेश के साथ हिंदी की महत्ता न केवल देश बल्कि दुनिया में स्थापित हो रही है।

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस

मध्यप्रदेश अन्य राज्यों को भी उपलब्ध कराएगा टाइगर - मुख्यमंत्री

भोपाल, यह हमारा सौभाग्य है कि देश में सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में पाए जाते हैं। भोपाल देश की एकमात्र ऐसी राजधानी है जिसकी नगर निगम सीमा के आसपास बाघ निर्बाध रूप से विचरण करते हैं। गर्व का विषय है कि प्रदेश में चीता परियोजना भी गतिशील है, जबकि संपूर्ण एशिया में कहीं चीता नहीं पाया जाता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर कार्यक्रम में कहा। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को दृष्टिगत कर राज्य सरकार विभिन्न वन्य जीवों के सह अस्तित्व को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करती रहेगी। जिन क्षेत्रों में टाइगर नहीं हैं, वहां नए टाइगर रिजर्व विकसित किए जाएंगे। टाइगर राष्ट्रीय पशु है, सभी राज्यों में टाइगर के अस्तित्व के लिये मध्यप्रदेश अन्य राज्यों को भी टाइगर उपलब्ध कराएगा।

गांधी सागर क्षेत्र में बसाए जाएंगे चीते

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चीता प्रोजेक्ट भी गतिशील है और गांधी सागर क्षेत्र में भी चीतों को बसाने के लिए गतिविधियां जारी हैं। उन्होंने कहा कि वन्य प्राणियों के संरक्षण और टाइगर रिजर्व के बेहतर प्रबंधन से पर्यटकों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है।

तीन पुस्तकों का विमोचन

मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर लगी प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन भी किया। उन्होंने वन विभाग की तीन पुस्तकों क्रमशः वॉलेंट्री विलेज रिलोकेशन : 'द सतपुड़ा मॉडल', 'पेंच टाइगर बिहेवियर एक्टिविटीज किट-3' और 'कान्हा की कहानियाँ' का विमोचन किया। इस अवसर पर टाइगर वॉरियर्स, पेंच लैंड ऑफ टाइगर और गौर के पुनर्स्थापन पर केंद्रित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने वन और वन्य प्राणियों के संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए वन कर्मियों और अधिकारियों को सम्मानित भी किया।

27 जुलाई

एनटीए ने जारी किया नीट यूजी का संशोधित परिणाम

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी-2024 का संशोधित परिणाम जारी कर दिया। नए परिणाम में 720 में से 720 अंक हासिल करने वाले छात्रों की संख्या 61 से घटकर 17 हो गई है। 720 अंक लाने वाले 17 विद्यार्थियों में 13 पुरुष एवं 4 महिलाएं हैं। टॉपर्स में 5 छात्र अन्य पिछड़ा वर्ग, 2 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और एक छात्र अनुसूचित जाति वर्ग से है। पिछली बार क्वालिफाई हुए 570 सामान्य छात्र इस बार सफल नहीं रहे।

● कैम्ब्रिज डिक्शनरी का नया संस्करण जारी किया गया है। इसमें 3,200 से अधिक नए शब्दों और वाक्यांशों को जोड़ा गया है। इनमें 'द इक', 'बूप' और 'शेप्स किस' जैसे नए शब्द शामिल हैं। द इक का अर्थ है- अचानक यह एहसास होना कि आप किसी व्यक्ति या चीज को नापसंद करते हैं या किसी के द्वारा किए गए किसी काम के कारण आप अब उसके प्रति आकर्षित नहीं हैं। बूप का मतलब किसी की नाक या सिर को नर्म अहसास के साथ छूना। शेप्स किस का अर्थ है कि आपको वह पसंद है। डिक्शनरी में शामिल किए गए शब्द सोशल मीडिया में इस्तेमाल हो रहे हैं।

28 जुलाई

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए जरूरी है संचार लाइनों की सुरक्षा

● दक्षिण चीन सागर से होकर गुजर रहीं संचार लाइनों की सुरक्षा हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक है। इस समय ये चिंताजनक स्थिति में हैं। इनकी सुरक्षा होनी चाहिए। यह बात विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर ने लाओस की राजधानी विएंटियान में हो रही ईस्ट एशिया समिट (ईएएस) में कही है। श्री जयशंकर ने कहा कि दक्षिण चीन सागर से गुजर रहीं संचार लाइनों की सुरक्षा के लिए आचार संहिता बननी चाहिए।

● इजराइली सेना के गाजा में एक स्कूल पर किए गए हवाई हमले में लगभग 30 लोग मारे गए। मृतकों में लगभग 7 बच्चे और 7 महिलाएं शामिल हैं। इजरायल की सेना ने कहा कि यह हमला हमास के कमांड और कंट्रोल सेंटर को निशाना बनाकर किया गया था, जिसका इस्तेमाल हथियार रखने और हमलों की योजना बनाने के लिए किया जाता था। इजराइल ने कहा कि हवाई हमले से पहले नागरिकों को चेतावनी दी गई थी। वहीं, हमास ने इजराइल के आरोपों का खंडन किया है।

29 जुलाई

सीयूईटी यूजी का रिजल्ट जारी

● राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के परिणाम की घोषणा कर दी है। एनटीए ने कहा कि अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट exams.nta.ac.in/CUET-UG/ पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। इस रिजल्ट की घोषणा के बाद विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। एनटीए ने इस बार पर्सेंटाइल के स्थान पर परीक्षा में शामिल सभी छात्रों के स्कोर कार्ड जारी किए हैं। सीयूईटी यूजी-2024 के लिए 13,47,820 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें 11,13,610 ने परीक्षा दी। यह परीक्षा 63 विषयों के लिए हाइब्रिड मोड में 379 भारतीय शहरों और 26 विदेशी शहरों में 15 से 29 मई के बीच तीन चरणों में आयोजित की गई थी।

● रूसी सेना में काम कर रहे 10 भारतीय नागरिक जल्द ही भारत लौटेंगे। यह जानकारी केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री श्री कीर्तिवर्धन सिंह ने दी। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी रूस यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन के समक्ष भारतीय नागरिकों की जल्द रिहाई का मुद्दा उठाया था। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों से रूसी युद्ध क्षेत्र से दूर रहने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि रूस में लगभग दो दर्जन भारतीयों को अच्छे वेतन का झांसा देकर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल होने के लिए मजबूर किया था।

● संयुक्त राष्ट्र ने शारीरिक शिक्षा पर पहली बार वैश्विक स्थिति रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के अधिकांश स्कूली बच्चों के पास अभी भी न्यूनतम जरूरी शारीरिक शिक्षा तक पहुंच नहीं है। यूनेस्को की शिक्षा टीम की 'ग्लोबल स्टेट ऑफ प्ले' रिपोर्ट के अनुसार केवल 58 प्रतिशत देशों ने लड़कियों के लिए शारीरिक शिक्षा अनिवार्य की है। इसके साथ ही केवल 7 प्रतिशत स्कूलों ने लड़कों और लड़कियों के लिए समान शारीरिक शिक्षा समय निर्धारित किया है। यूनेस्को की टीम ने देशों के बीच शारीरिक शिक्षा के लिए वित्त पोषण में बड़े अंतर को भी चिह्नित किया।

30 जुलाई

नीट यूजी की काउंसलिंग 14 अगस्त से होगी शुरू

● मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 की काउंसलिंग 14 अगस्त से शुरू होगी। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा जारी नोटिस के अनुसार काउंसलिंग के लिए पंजीकरण अगस्त के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। काउंसलिंग की पूरी प्रक्रिया चार दौर में आयोजित की जाएगी जो आगामी 30 अक्टूबर तक जारी रहेगी। एनएमसी के सचिव डॉ. बी. श्रीनिवास ने बताया कि देशभर के लगभग 710 मेडिकल कॉलेजों में लगभग 1.10 लाख एमबीबीएस सीटों के आवंटन के लिए काउंसलिंग होगी। साथ ही, आयुष और नर्सिंग सीटों के साथ ही 21 हजार बीडीएस सीटों के लिए भी काउंसलिंग आयोजित की जाएगी।

● केन्द्र सरकार इस साल रीजनल एयर कनेक्टिविटी योजना 'उड़ान' के तहत 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 12 नए एयरपोर्ट शुरू करने की तैयारी कर रही है। इनमें रीवा, दतिया (मध्यप्रदेश), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), अंबाला (हरियाणा), मुरादाबाद, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), अमरावती, सोलापुर (महाराष्ट्र), दमन (दमन और दीव), वेल्लोर, नेवेली (तमिलनाडु) और शिबपुर (कार निकोबार) के एयरपोर्ट शामिल हैं। इससे देश में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि 'उड़ान' योजना के तहत अब कुल 85 एयरपोर्ट जुड़े हैं, जिसमें 13 हेलीपोर्ट और 2 वायर एयरोड्रम्स भी शामिल हैं।

31 जुलाई

अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम का नया चरण शुरू

● केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम के एक नए चरण की शुरुआत कर दी है। इस स्कीम के तहत टेक्निकल छात्रों की तरह नॉन-टेक्निकल छात्र भी न्यूनतम धनराशि के साथ अप्रेंटिसशिप कर सकेंगे। इसके बाद उन्हें आसानी से रोज़गार के अवसर मिल सकेंगे। इसके लिए उन्हें पढ़ाई पूरी करते ही रोज़गार से जुड़े क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद वह अप्रेंटिसशिप या फिर सीधे रोज़गार हासिल कर सकेंगे। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक इसमें स्नातक करने वाले विद्यार्थी अप्रेंटिसशिप के दौरान हर महीने न्यूनतम नौ हजार रुपये और डिप्लोमा करने वाले छात्रों को हर महीने न्यूनतम आठ हजार रुपये प्राप्त होंगे। इसकी आधी राशि शिक्षा मंत्रालय देगा, वहीं बाकी राशि अप्रेंटिसशिप कराने वाली कंपनी द्वारा दी जाएगी।

● बांग्लादेश सरकार ने कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी पार्टी पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। सरकार ने यह कदम सरकारी नौकरियों में कोटा को लेकर हुए छात्रों के हिंसक आंदोलन के बाद उठाया है। इन आंदोलनों में कम से कम 150 लोग मारे गये थे। बांग्लादेश सरकार ने जमात-ए-इस्लामी पर आंदोलन का फायदा उठाने और हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। उधर, आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए बांग्लादेश में राष्ट्रव्यापी शोक मनाया गया।

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जानबूझकर कर्ज नहीं चुकाने वालों विलफुल (डिफाल्टर) और बड़े चूककर्ताओं से जुड़ा अहम निर्देश जारी किया। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार आरबीआई की ओर से बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को 25 लाख रुपये या उससे अधिक की राशि वाले सभी गैर-निष्पादित परिसंपत्ति खातों में विलफुल डिफाल्टर के पहलू की जांच करने को कहा गया है। आरबीआई ने कहा है कि, बैंक-एनबीएफसी को एक प्रक्रिया का पालन करके किसी व्यक्ति की विलफुल डिफाल्टर के तौर पर पहचान करनी होगी। निर्देश के अनुसार, जिन साक्ष्यों के आधार पर विलफुल डिफाल्टर की पहचान की गई है, उनकी जांच एक समिति द्वारा की जाएगी।

1 अगस्त

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बढ़ाए महानिदेशकों के वित्तीय अधिकार

● केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अर्धसैनिक बलों और अन्य खुफिया एजेंसियों के महानिदेशकों के वित्तीय अधिकारों में बढ़ोतरी की है। साथ ही उन्हें अभियानों के लिए काम कर रहे खबरियों के भत्ते बढ़ाने को कहा है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), असम राइफल्स, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) और नेशनल पुलिस एकेडमी (एनपीए) के महानिदेशकों (डीजी) के विभिन्न श्रेणियों में वित्तीय अधिकार बढ़ाए गए हैं।

● केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत बुलेट ट्रेन बनाने की स्वदेशी तकनीक पर काम कर रहा है। देश की पहली बुलेट ट्रेन अहमदाबाद और मुंबई के बीच चलाई जाएगी। इस पर जापान की मदद से काम चल रहा है। इसे भारतीय जरूरतों और पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तित किया जा रहा है। श्री वैष्णव ने कहा कि शुरुआत में हमें बुलेट ट्रेन की तकनीक विदेश से मिली। लेकिन अब देश में भी कई तकनीकों का विकास हो गया है। अब भारत बुलेट ट्रेन को पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से बनाने और 'आत्मनिर्भर भारत' बनने की दिशा में काम कर रहा है। इस परियोजना की विशेषता बताते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि समुद्र के करीब 30 मीटर नीचे 21 किलोमीटर लंबी एक सुरंग बन रही है।

2 अगस्त

सीबीएसई ने सीटेट परीक्षा के नतीजे किए घोषित

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ctet.nic.in पर अपना परिणाम देख सकते हैं। परिणाम देखने के लिए उम्मीदवारों को अपनी पंजीकरण संख्या और मांगी गई जानकारी दर्ज करनी होगी। सीबीएसई हर वर्ष दो बार सीटेट परीक्षा का आयोजन करता है। पहली परीक्षा जुलाई और दूसरी परीक्षा दिसंबर में आयोजित की जाती है। सीटेट के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) जैसे आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं।

● जापान ने दो दशकों में पहली बार ब्याज दरें बढ़ाई हैं। जापान के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर को बढ़ाकर 0.25 फीसदी कर दिया। इससे पहले ब्याज दर 0.10 फीसदी थी। जापान में दो दशकों में ब्याज दरें बढ़ने का पहला मौका है। केन्द्रीय बैंक के इस कदम में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले येन की गिरावट पर अंकुश लगने की उम्मीद है। इसके साथ यह कदम जापान में भोजन और ऊर्जा जैसी आयातित वस्तुओं के लिए अधिक भुगतान करने वाले उपभोक्ता के बोझ को कम करेगा। अमेरिका के बाद जापान सबसे ज्यादा कर्ज देने वाला देश है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

20 वर्षों के अनुभव के साथ
Join 30 Days क्रेश कोर्स
PNST (नर्सिंग) 2024
परीक्षा तिथि: 4 एवं 5 सितम्बर
संपूर्ण नोट्स + टेस्ट सीरीज
विगत परीक्षाओं में सबसे अधिक चयन देने वाली संस्था
बालाजी ट्यूटोरियल्स (Since 2004) Sarath
ऑफिस: 221, वेदा बिल्डिंग, भँवरकुआ इन्दौर
98930-53653
R-49896/2024

Since 1997 An ISO 9001:2008 Certified Institute Since 1997
GOI CTC No. /62/2003 Reg. No./16607/06

SONAM
Selected- LT 2024
क्या 12वीं/स्नातक के बाद सीधी सरकारी नौकरी चाहते हैं तो

VINOD
Selected- Railway 22-23
PERFECT® COACHING™
ज्वाइन करें
BANK | RAILWAY
S.S.C. | UPSC/PSC
Director- SANJAY TIWARI (M.Sc.)
K.K. Plaza, Plot No.1, Zone-II, Top Floor, MP Nagar, near Board Office Square, Bhopal
Ph.: 0755-2554800, 9425373001, 9827090217
R-49908/2024

वर्ष 41, अंक 32 05.08.2024 से 11.08.2024
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - रंजना चितले
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

युवाओं के रोज़गार की उपलब्धता में कौशल विकास का महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार युवाओं को कौशल विकास के क्षेत्र में आगे आने के लिये प्रोत्साहित कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार की ओर से विशेष रूप से कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से न केवल युवाओं को अपनी क्षमता को निखारने का अवसर मिल रहा है, बल्कि यह प्रशिक्षण उन्हें रोज़गार दिलाने में मददगार भी साबित हो रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने जनजातीय समुदाय के विद्यार्थियों और युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिये एक और कदम बढ़ाया है। जनजातियों एवं विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीव्हीटीजी) के लिये जनजातीय कार्य विभाग के अधीन मध्यप्रदेश रोज़गार एवं प्रशिक्षण परिषद (मेपसेट) द्वारा पांच विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र शिवपुरी, मण्डला, डिण्डौरी, शहडोल एवं तामिया (जिला छिंदवाड़ा) में विकसित किये गये हैं। इन प्रशिक्षण केन्द्रों में जनजातियों एवं पीव्हीटीजी वर्ग के युवक-युवतियों को डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कोर्स में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन उपरांत सफल प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार रोज़गार एवं स्वरोज़गार से जोड़ा जा रहा है। वर्ष 2023-24 में 1500 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने के लक्ष्य के विरुद्ध 1046 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। मूल्यांकन में सफल पाये गये 497 प्रशिक्षणार्थियों को रोज़गार से जोड़ दिया गया है। नवीन योजना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अधिकाधिक प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न सेक्टर-स्किल-डेवलपमेंट काउन्सिल्स के माध्यम से इंडस्ट्री आधारित प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया था। इसके विरुद्ध 190 प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। प्रशिक्षण के बाद मापदण्डों में सफल 46 प्रशिक्षणार्थियों को रोज़गार से जोड़ दिया गया है।

भोपाल, इंदौर एवं जबलपुर में विद्यार्थी सुविधा केन्द्र की स्थापना करने के लिये भी प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में रोज़गार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन लगातार जारी है। वर्ष 2024-25 में कोल जनजाति वर्ग के शिक्षित बेरोज़गारों को कौशल विकास प्रशिक्षण के लिये भारत सरकार द्वारा जनजातियों के लिये डेवलपमेंट वोकेशनल ट्रेनिंग एंड एंटरप्रेन्योरशिप इकोलॉजी सिस्टम तथा लार्सन एंड टुब्रो कंपनी के कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी के अंतर्गत एलएंडटी के संस्थानों से प्रशिक्षण देना प्रस्तावित है। इसके अलावा जनजातियों एवं विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह के विद्यार्थियों को रोज़गारोन्मुखी शिक्षा और प्रशिक्षण देने के लिये मेपसेट द्वारा प्रदेश के कुल 21 जिलों में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र (वीटीसी) भी संचालित किये जा रहे हैं। यह व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र अलीराजपुर जिले के भाबरा, कट्ठीवाड़ा, सोंडवा व उदयगढ़ में, झाबुआ जिले के पेटलावद व झाबुआ में, धार जिले के मनावर, तिरला, धामनोद व पीथमपुर में, खरगोन जिले के खरगोन, सेगांव व महेश्वर में, बुरहानपुर जिले के खकनार में, बैतूल जिले के बैतूल व चिचौली में, अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ में, शहडोल जिले के बुढ़ार में, मण्डला जिले के घुघरी, मोहगांव, मण्डला व सिहोरा में, सिवनी जिले के छपारा में, छिंदवाड़ा जिले के हर्रई में, बालाघाट जिले के बिरसा, परसवाड़ा, बालाघाट व बैहर में, डिण्डौरी जिले के समनापुर में, उमरिया जिले के पाली में, श्योपुर जिले के कराहल में, नर्मदापुरम जिले के केसला में, खण्डवा जिले के खालवा (आंबलिया) में, सिंगरौली जिले के सिंगरौली में, रतलाम जिले के सैलाना में, बड़वानी जिले के सेंधवा व बड़वानी में तथा सीधी जिले के चुरहट में संचालित किये जा रहे हैं। इसके साथ ही 9 जिलों झाबुआ जिले में झाबुआ में, धार जिले में टांडा में, बड़वानी जिले में बड़वानी में, रतलाम जिले में रावटी में, मण्डला जिले में मंडला, बालाघाट जिले में बैहर में, सीधी जिले में सीधी में, अनूपपुर जिले में अमकंटक में तथा डिण्डौरी जिले में डिण्डौरी में विशेष प्रशिक्षण केन्द्र भी संचालित किये जा रहे हैं।

वैज्ञानिकों के शोध में दावा एनालॉग अनुसंधान स्टेशन के लिये लद्दाख उपयुक्त स्थान

भारत विज्ञान के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। समय-समय पर यहां विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों सहित अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में बड़े शोध कार्य हुए हैं। इसी क्रम में वैज्ञानिकों के समूह ने एक और उपलब्धि हासिल की है। दरअसल भारतीय विज्ञान संस्थान और बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (बीएसआईपी) के वैज्ञानिकों ने भारत के पहले मंगल और चंद्रमा एनालॉग अनुसंधान स्टेशन के लिए लद्दाख को सही जगह बताया है। बीएसआईपी की विनीता फर्त्याल ने आईआईएससी के आलोक कुमार तथा शुभांशु शुक्ला के साथ मिलकर इस शोध कार्य को पूरा किया है। शुभांशु शुक्ला भारत के गगनयान मिशन के चार यात्रियों में से एक हैं। शोध कार्य से जुड़े वैज्ञानिकों के अनुसार भारतीय अंतरिक्ष शोध संस्थान (ईसरो) वर्ष 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और 2040 तक चंद्रमा पर उतरने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। रिसर्च कार्य से जुड़ीं विनीता फर्त्याल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि एनालॉग अनुसंधान स्टेशन एक ऐसा स्थान है, जहां चंद्रमा और मंगल ग्रह के लिए गतिविधियों की योजना बनाई जा सकती है और उनका अभ्यास किया जा सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार भविष्य में अंतरिक्ष यात्रियों के लिए लद्दाख में आवास की योजना बनाने पर विचार चल रहा है। लद्दाख क्षेत्र का ठंडा, शुष्क रेगिस्तानी परिदृश्य, चट्टानी इलाका मंगल और चंद्रमा से मिलता है। यही नहीं शोध के अनुसार लद्दाख की अनूठी भौगोलिक विशेषताएं मंगल और चंद्रमा दोनों के वातावरण से काफी मिलती जुलती हैं। ऐसे में यह प्राकृतिक प्रयोगशाला बनाने के लिए देश के किसी अन्य हिस्से की तुलना में सबसे बेहतर जगह है। विज्ञान के क्षेत्र में मिली इस उपलब्धि से भविष्य में भारतीय मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम और मंगल अन्वेषण योजनाओं को काफी बढ़ावा मिलेगा।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

डेंगू के संक्रमण को रोकें यह जानलेवा बीमारी है

डेंगू एक वायरल संक्रमण है जो संक्रमित मच्छरों के काटने से मनुष्यों में फैलता है। एक अनुमान के अनुसार विश्व की लगभग आधी आबादी अब डेंगू की जद में है तथा अनुमान है कि प्रत्येक वर्ष लाखों लोग डेंगू से संक्रमित होते हैं। डेंगू विश्व के ऊष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में पाया जाता है, इसका ज्यादातर प्रसार शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में है। इस स्थिति को देखते हुए ही संकल्प लिया जाता है कि डेंगू के संक्रमण को रोकें, यह एक जानलेवा बीमारी है। हालांकि डेंगू के अनेक संक्रमण लक्षण विहीन होते हैं या केवल हल्की बीमारी उत्पन्न करते हैं, लेकिन वायरस कभी-कभी अधिक गंभीर मामलों का कारण बन सकता है, यहां तक कि पीड़ित की मृत्यु भी हो सकती है। डेंगू पर नियंत्रण और रोकथाम वेक्टर नियंत्रण पर निर्भर करता है। डेंगू अथवा गंभीर डेंगू के लिए कोई विशिष्ट उपचार नहीं है। प्रारंभिक पहचान और उचित चिकित्सा देखभाल तक पहुँच गंभीर डेंगू की मृत्यु दर को बहुत कम कर देती है।

डेंगू से पीड़ित अधिकांश लोगों में लक्षण नहीं दिखते। लेकिन जिन लोगों में लक्षण दिखते हैं, उनमें सबसे आम लक्षण तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, मतली और चकत्ते हैं। ज्यादातर लोग एक या दो सप्ताह में ठीक हो जाते हैं। कुछ लोगों में डेंगू गंभीर रूप से फैल जाता है और उन्हें अस्पताल में देखभाल की जरूरत होती है। डेंगू का इलाज आमतौर पर दर्द निवारक दवा से किया जाता है। डेंगू से पीड़ित ज़्यादातर लोगों में हल्के या कोई लक्षण नहीं होते और वे एक से दो हफ्ते में ठीक हो जाते हैं। कभी-कभी, डेंगू गंभीर हो सकता है और मौत का कारण बन सकता है। यदि लक्षण दिखाई देते हैं, तो वे आमतौर पर संक्रमण के चार से दस दिन बाद शुरू होते हैं और दो से सात दिनों तक चलते हैं।

डेंगू का गंभीर संक्रमण और संक्रमण की अवस्थाएं

आमतौर पर डेंगू वायरस से संक्रमित लोग लगभग अस्सी प्रतिशत स्पर्शोन्मुख होते हैं या उनमें केवल हल्के लक्षण होते हैं जैसे कि संक्रमणजन्य बुखार, जबकि बीस प्रतिशत को डेंगू का गंभीर संक्रमण होता है। पहले की अपेक्षा दूसरे स्वरूप का संक्रमण गंभीर होता है और आनुपातिक तौर पर इससे जीवन के लिए खतरा ज्यादा होता है। ऊष्मायन अवधि (जोखिम और लक्षणों की शुरुआत के बीच का समय) तीन से चौदह दिनों तक होता है, लेकिन अक्सर यह चार से सात दिन तक सिमट कर रह जाता है। अचानक बुखार, सिरदर्द (आमतौर पर आँखों के पीछे के भाग में), मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, मतली, उल्टी, सूजी हुई ग्रंथियां और चकत्ते, हल्के डेंगू के लक्षण होते हैं। इससे अलग गंभीर पेट दर्द, लगातार उल्टी, तेजी से साँस लेना, मसूड़ों या नाक से खून आना, थकान, बेचैनी, उल्टी या मल में खून, अत्यधिक प्यास, पीली और ठंडी त्वचा और कमजोरी की भावनाएँ गंभीर डेंगू के लक्षण हैं। डेंगू संक्रमण की अवस्था को तीन चरणों में विभाजित किया जाता है: ज्वर, गंभीर स्थिति और स्वास्थ्य लाभ। ज्वर चरण में तेज बुखार होता है जो 40 डिग्री सेंटीग्रेड अथवा 104 डिग्री फेरनहाईट होता है। यह सामान्यीकृत दर्द और सिरदर्द से जुड़ा होता है; यह आमतौर पर दो से सात दिनों तक रहता है। इसके अलावा मतली, उल्टी, त्वचा पर दाने उभरना, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द भी हो सकता है। ज्यादातर लोग एक हफ्ते के भीतर ठीक हो जाते हैं। कई मामलों में, लक्षण बिगड़ जाते हैं और डेंगू जानलेवा हो सकता है। इसे गंभीर डेंगू कहा जाता है, जिसे पहले डेंगू रक्तस्रावी बुखार या डेंगू शॉक सिंड्रोम कहा जाता था। गंभीर डेंगू से शॉक, आंतरिक रक्तस्राव, अंग विफलता और यहाँ तक कि मृत्यु भी हो सकती है। जब डेंगू के सभी लक्षण से मरीज मुक्त हो जाता है तो उसे पुनर्प्राप्ति कहते हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय करता है तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत में डेंगू नियंत्रण के लिए रणनीतिक रूपरेखा और रोडमैप विकसित करने के लिए तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन भी करता है। संगोष्ठियों में स्वास्थ्य प्रशासकों और शोधरत चिकित्सकों से देश के विभिन्न क्षेत्रों में अंतर-क्षेत्रीय तालमेल बनाने और निरन्तर प्रयासों के माध्यम से डेंगू प्रबंधन और नियंत्रण के लिए कार्ययोजना शुरू करने का आग्रह किया जाता है। केन्द्रीय मंत्रालय प्रभावी प्रबंधन और नियंत्रण के लिए डेंगू के मामलों की समय पर पहचान और रिपोर्टिंग को महत्वपूर्ण मानता है।

इसके लिये मंत्रालय डेंगू को स्वास्थ्य मंत्रालय के एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच के तहत शामिल करने को भी प्रयत्नरत है। भारत में डेंगू नियंत्रण के लिए एक रणनीतिक ढाँचा और रोडमैप विकसित करने के लिए ऐसी तकनीकी संगोष्ठियों स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल द्वारा आयोजित की जाती हैं और इनका उद्देश्य रणनीतिक विकास के लिए चिह्नित मंत्रालयों, राज्यों, सरकारी संस्थानों और विकास भागीदारों को एक मंच पर साथ लाना है। डेंगू नियंत्रण की रूपरेखा बनाने और बहुआयामी प्रयासों के माध्यम से दक्षता को अधिकतम करने के उद्देश्य से संगोष्ठियों का लक्ष्य - "एक देश-एक रोडमैप" की कल्पना को साकार करना भी होता है।

डेंगू के प्रसार को रोकने के लिये समन्वय और भागीदारी जरूरी

कई राज्यों और नए क्षेत्रों से बार-बार डेंगू फैलने की सूचना के साथ हाल के वर्षों में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। देश में डेंगू के मामलों में वृद्धि तीव्र शहरीकरण, अपार जनसंख्या वृद्धि, अलक्षित वैश्वीकरण, जलवायु परिवर्तन, गैर आनुपातिक सामाजिक-आर्थिक विकास और जीवन शैली में बदलाव के कारण देखी गई है। डेंगू का संचरण (ट्रांसमिशन) मुख्य रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र के बाहर के कारकों के कारण होता है और इसीलिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों, केंद्र सरकार के अस्पतालों, भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद से जुड़े संस्थानों, उन संस्थानों के भागीदारों, चिह्नित राज्यों और नगर पालिकाओं के बीच समन्वय की आवश्यकता वाले एक प्रभावी बहुक्षेत्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के भारत स्थित आपातकालीन स्वास्थ्य प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक व्याख्यानमाला में प्रभावी नियंत्रण के लिये कॉरपोरेट क्षेत्र को भी शामिल करने के लिए कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत डेंगू नियंत्रण अभियान के लिये वित्तपोषण की सलाह दी गई है। डेंगू निरोधक अभियान को तेजी देने के लिये ही भारत सरकार ने 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस और जुलाई को डेंगू विरोधी माह घोषित किया है।

सावधानी बरतें

यूनीसेफ, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली अग्रगण्य वैश्विक संस्था है। यूनीसेफ बच्चों को डेंगू से बचाने के लिये भी प्रतिबद्ध है। यूनीसेफ बच्चों के डेंगू से प्रभावित होने की सत्य पड़ताल कर उन्हें बचाने की आपात योजना भी बनाता है। यूनीसेफ की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस समय दक्षिण एशिया में यह बरसात का मौसम है, जो स्थिर और दूषित जल से होने वाली बीमारियों के फैलने का जोखिम भरा समय है- जिसमें डेंगू भी शामिल है, जो मच्छरों द्वारा फैलता है। इस वर्ष दक्षिण एशिया के कई देशों में डेंगू के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है, विशेषकर बच्चों में। विशेषज्ञों का कहना है कि जब मानसून का मौसम अपने चरम पर होगा, तब सबसे ज्यादा नए मामले सामने आ सकते हैं।

लेकिन, डेंगू को रोका जा सकता है आप अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए कुछ कदम उठा सकते हैं। डेंगू से पीड़ित हर व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार नहीं होता है और डेंगू के सबसे गंभीर प्रभावों को त्वरित चिकित्सा देखभाल से ठीक किया जा सकता है- इसलिए, यह जानना महत्वपूर्ण है कि डेंगू के किन लक्षणों पर ध्यान देना है और कब चिकित्सा सहायता लेनी है। इस बीमारी के बारे में स्वास्थ्य, जल और स्वच्छता विशेषज्ञों को आपको और आपके परिवार को सुरक्षित रखने के तरीके बताने चाहिये।

राजा दुबे

(लेखक, जनसंपर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024, परीक्षा दिनांक 23.06.2024 (रविवार)

परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र.-5425/07/2024/अनु.-10 **इंदौर, दिनांक : 20.07.2024**

आयोग द्वारा विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक-40/2023/30.12.2023 ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 18.02.2024, (1) शुद्धि पत्र क्रमांक-01/40/2023 दिनांक 30.01.2024 (पद संयोजन के संबंध में), (2) शुद्धि पत्र क्रमांक-02/40/2023 दिनांक 20.03.2024 (राज्य सेवा/राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 प्रारंभिक परीक्षा की तिथि में परिवर्तन की सूचना।), (3) विज्ञप्ति क्रमांक-3818/03/2024/परीक्षा-8, दिनांक 18.06.2024 (संभागीय पर्यवेक्षकों की व्यवस्था संबंधी सूचना) (4) विज्ञप्ति क्रमांक-4027/03/2024/परीक्षा-8, दिनांक 22.06.2024 (परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण विज्ञप्ति) के अंतर्गत **कुल-110** पदों हेतु राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 दिनांक 23.06.2024 (रविवार) को दो सत्रों में प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक एवं द्वितीय प्रश्न पत्र सामान्य अभिरुचि परीक्षण अपरान्ह 02:15 से 04:15 तक प्रदेश के 55 जिला मुख्यालयों पर परीक्षा आयोजित की गई थी।

02. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की श्रेणीवार कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

श्रेणी	कुल विज्ञापित पद	भूतपूर्व सैनिक	दिव्यांगजन
अनारक्षित (UR)	45	2	अस्थिबाधित (LD) (OH)-0 दृष्टिबाधित (VH)-2 श्रवणबाधित (HH)-3 बहुविकलांग (MD)-2
अनुसूचित जाति (SC)	14	-	
अनुसूचित जनजाति (ST)	17	-	
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	20	-	
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	14	-	
कुल	**110**	**2**	**कुल-7**

03. राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के "पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022" के प्रकाश में विज्ञापन क्रमांक-40/2023/30.12.2023 ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 18.02.2024 के अंतर्गत विज्ञापित पदों हेतु आयोग द्वारा बैठक दिनांक 10.07.2023 के निर्णय क्र.-55 में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करते हुए प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है :-

1. सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शॉर्टलिस्टेड) प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
2. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु - इस आशय का अभिवचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।

सामान्य प्रशासन विभाग के "पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022" में दिए गए निर्देशों एवं आयोग के निर्णय अनुसार राज्य सेवा परीक्षा-2023 हेतु विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक-31/2023/05.09.2023 ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 21.10.2023 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य एवं प्रावधिक भाग में घोषित किया जाना है। राज्य सेवा परीक्षा-2024 के मुख्य भाग 87 प्रतिशत (14 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत पद अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनारक्षित श्रेणी) हेतु पृथक-पृथक विज्ञापित किए हैं, तद्नुसार अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित कुल पद-20 है जिसके मुख्य भाग में 14 प्रतिशत के मान से कुल 12 पद तथा प्रावधिक भाग में 13 प्रतिशत के मान से कुल 8 पद विज्ञापित किए गए हैं। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 के परीक्षा परिणाम में **मुख्य भाग-अ** के लिए कुल विज्ञापित पदों के 20 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से मुख्य परीक्षा हेतु अर्ह कुल 2775 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE SERVICE PRELIMINARY EXAMINATION 2024 - PART A (MAIN)
ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1.	100067	36.	100934	71.	101669	106.	102550	141.	103357
2.	100079	37.	101053	72.	101788	107.	102585	142.	103360
3.	100088	38.	101082	73.	101792	108.	102591	143.	103376
4.	100090	39.	101097	74.	101794	109.	102647	144.	103426
5.	100096	40.	101111	75.	101796	110.	102654	145.	103440
6.	100125	41.	101118	76.	101847	111.	102676	146.	103442
7.	100183	42.	101131	77.	101858	112.	102692	147.	103444
8.	100221	43.	101159	78.	101866	113.	102697	148.	103454
9.	100229	44.	101170	79.	101919	114.	102722	149.	103478
10.	100258	45.	101177	80.	101927	115.	102726	150.	103527
11.	100259	46.	101200	81.	101938	116.	102729	151.	103539
12.	100276	47.	101298	82.	101946	117.	102751	152.	103545
13.	100311	48.	101307	83.	101962	118.	102782	153.	103590
14.	100379	49.	101328	84.	101974	119.	102785	154.	103596
15.	100385	50.	101329	85.	102001	120.	102791	155.	103600
16.	100401	51.	101334	86.	102027	121.	102837	156.	103609
17.	100451	52.	101340	87.	102052	122.	102864	157.	103626
18.	100473	53.	101348	88.	102076	123.	102868	158.	103650
19.	100496	54.	101385	89.	102158	124.	102875	159.	103657
20.	100510	55.	101387	90.	102199	125.	103020	160.	103661
21.	100534	56.	101394	91.	102239	126.	103034	161.	103743
22.	100549	57.	101416	92.	102271	127.	103040	162.	103761
23.	100575	58.	101471	93.	102275	128.	103043	163.	103770
24.	100578	59.	101478	94.	102283	129.	103056	164.	103779
25.	100637	60.	101533	95.	102286	130.	103118	165.	103814
26.	100638	61.	101543	96.	102307	131.	103123	166.	103832
27.	100641	62.	101555	97.	102346	132.	103135	167.	103882
28.	100690	63.	101566	98.	102354	133.	103145	168.	103893
29.	100713	64.	101579	99.	102359	134.	103159	169.	103902
30.	100813	65.	101580	100.	102415	135.	103205	170.	103919
31.	100814	66.	101604	101.	102426	136.	103229	171.	103986
32.	100881	67.	101616	102.	102468	137.	103253	172.	104006
33.	100886	68.	101619	103.	102482	138.	103260	173.	104022
34.	100889	69.	101622	104.	102541	139.	103321	174.	104061
35.	100921	70.	101623	105.	102544	140.	103348	175.	104067
176.	104094	260.	105826	344.	107897	428.	109982	512.	111468
177.	104095	261.	105835	345.	107899	429.	109986	513.	111469
178.	104097	262.	105861	346.	107910	430.	109997	514.	111496
179.	104124	263.	105888	347.	108048	431.	110011	515.	111500
180.	104133	264.	105917	348.	108051	432.	110013	516.	111512
181.	104135	265.	105939	349.	108080	433.	110039	517.	111524
182.	104157	266.	105941	350.	108093	434.	110078	518.	111540
183.	104183	267.	105977	351.	108156	435.	110089	519.	111542
184.	104222	268.	106001	352.	108170	436.	110098	520.	111553
185.	104283	269.	106006	353.	108197	437.	110120	521.	111581
186.	104348	270.	106008	354.	108222	438.	110126	522.	111589
187.	104353	271.	106035	355.	108263	439.	110143	523.	111647
188.	104365	272.	106085	356.	108276	440.	110166	524.	111655
189.	104392	273.	106087	357.	108309	441.	110207	525.	111661
190.	104397	274.	106112	358.	108313	442.	110208	526.	111670
191.	104413	275.	106114	359.	108351	443.	110243	527.	111685
192.	104436	276.	106120	360.	108363	444.	110282	528.	111686
193.	104459	277.	106186	361.	108383	445.	110305	529.	111689
194.	104488	278.	106235	362.	108396	446.	110312	530.	111759
195.	104503	279.	106243	363.	108397	447.	110315	531.	111778
196.	104504	280.	106259	364.	108441	448.	110317	532.	111783
197.	104509	281.	106262	365.	108467	449.	110344	533.	111792
198.	104533	282.	106291	366.	108479	450.	110363	534.	111870
199.	104536	283.	106304	367.	108491	451.	110369	535.	111880
200.	104540	284.	106359	368.	108493	452.	110386	536.	111884
201.	104547	285.	106388	369.	108540	453.	110393	537.	111890
202.	104563	286.	106400	370.	108555	454.	110430	538.	111896
203.	104576	287.	106435	371.	108557	455.	110433	539.	111958
204.	104581	288.	106441	372.	108575	456.	110442	540.	111973
205.	104601	289.	106449	373.	108598	457.	110446	541.	112006
206.	104678	290.	106467	374.	108629	458.	110453	542.	112015
207.	104715	291.	106478	375.	108643	459.	110463	543.	112019
208.	104744	292.	106535	376.	108648	460.	110482	544.	112024
209.	104788	293.	106561	377.	108653	461.	110489	545.	112083
210.	104796	294.	106564	378.	108710	462.	110510	546.	112094
211.	104797	295.	106581	379.	108787	463.	110518	547.	112095
212.	104819	296.	106642	380.	108798	464.	110601	548.	112122
213.	104820	297.	106665	381.	108877	465.	110618	549.	112124
214.	104826	298.	106680	382.	108882	466.	110624	550.	112151
215.	104839	299.	106714	383.	108885	467.	110627	551.	112169
216.	104860	300.	106782	384.	108889	468.	110650	552.	112170
217.	104876	301.	106829	385.	108922	469.	110676	553.	112196
218.	104877	302.	106850	386.	108929	470.	110699	554.	112215
219.	104890	303.	106853	387.	108974	471.	110718	555.	112233
220.	104900	304.	106879	388.	108985	472.	110721	556.	112252
221.	104903	305.	106884	389.	109022	473.	110742	557.	112278
222.	104956	306.	106905	390.	109029	474.	110800	558.	112297
223.	104957	307.	106909	391.	109036	475.	110802	559.	112312
224.	104960	308.	106916	392.	109101	476.	110811	560.	112326
225.	104987	309.	106957	393.	109137	477.	110858	561.	112411
226.	104998	310.	107025	394.	109202	478.	110868	562.	112413
227.	105000	311.	107026	395.	109248	479.	110892	563.	112416
228.	105037	312.	107049	396.	109272	480.	110893	564.	112418
229.	105074	313.	107128	397.	109297	481.	110899	565.	112436
230.	105088	314.	107132	398.	109302	482.	110911	566.	112456
231.	105109	315.	107139	399.	109320	483.	110916	567.	112466
232.	105128	316.	107149	400.	109367	484.	110924	568.	112512
233.	105132	317.	107159	401.	109385	485.	110951	569.	112529
234.	105169	318.	107229	402.	109386	486.	110979	570.	112534
235.	105173	319.	107233	403.	109390	487.	110981	571.	112536
236.	105184	320.	107259	404.	109442	488.	110994	572.	112546
237.	105194	321.	107260	405.	109452	489.	110999	573.	112562
238.	105257	322.	107338	406.	109500	490.	111064	574.	112570
239.	105336	323.	107387	407.	109503	491.	111094	575.	112622
240.	105393	324.	107399	408.	109595	492.	111110	576.	112664
241.	105472	325.	107404	409.	109615	493.	111159	577.	112698
242.	105562	326.	107416	410.	109620	494.	111160	578.	112711
243.	105589	327.	107423	411.	109645	495.	111161	579.	112743
244.	105598	328.	107458	412.	109665	496.	111172	580.	112760
245.	105611	329.	107459	413.	109681	497.	111211	581.	112857
246.	105638	330.	107472	414.	109684	498.	111241	582.	112882
247.	105645	331.	107537	415.	109719	499.	111253	583.	112892
248.	105649	332.	107543	416.	109769	500.	111291	584.	112895
249.	105676	333.	107597	417.	109771	501.	111298	585.	112909
250.	105679	334.	107604	418.	109772	502.	111327	586.	112960
251.	105712	335.	107615	419.	109776	503.	111334	587.	112996
252.	105713	336.	107638	420.	109781	504.	111355	588.	113025
253.	105751	337.	107655	421.	109785	505.	111368	589.	113026
254.	105752	338.	107677	422.	109797	506.	111387	590.	113042
255.	105764	339.	107702	423.	109893	507.	111408	591.	113046
256.	105780	340.	107710	424.	109920	508.	111438	592.	113097
257.	105791	341.	107712	425.	109931	509.	111449	593.	113138
258.	105804	342.	107781	426.	109952	510.	111453	594.	113203
259.	105811	343.	107865	427.	109969	511.	111461	595.	113231

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
596.	113234	680.	115236	764.	117363	848.	119804	932.	121636
597.	113260	681.	115270	765.	117427	849.	119861	933.	121649
598.	113270	682.	115286	766.	117443	850.	119898	934.	121668
599.	113309	683.	115292	767.	117514	851.	119926	935.	121712
600.	113316	684.	115306	768.	117532	852.	119942	936.	121788
601.	113347	685.	115334	769.	117533	853.	119956	937.	121801
602.	113354	686.	115390	770.	117536	854.	119967	938.	121862
603.	113356	687.	115431	771.	117548	855.	119973	939.	121873
604.	113425	688.	115434	772.	117571	856.	119995	940.	121905
605.	113427	689.	115437	773.	117620	857.	120049	941.	121908
606.	113429	690.	115468	774.	117637	858.	120070	942.	121993
607.	113458	691.	115500	775.	117681	859.	120083	943.	122040
608.	113467	692.	115542	776.	117694	860.	120120	944.	122043
609.	113471	693.	115545	777.	117706	861.	120169	945.	122122
610.	113477	694.	115555	778.	117760	862.	120170	946.	122160
611.	113484	695.	115559	779.	117931	863.	120171	947.	122166
612.	113497	696.	115562	780.	117982	864.	120172	948.	122188
613.	113501	697.	115568	781.	117990	865.	120210	949.	122213
614.	113583	698.	115571	782.	118024	866.	120223	950.	122221
615.	113587	699.	115573	783.	118053	867.	120259	951.	122276
616.	113626	700.	115576	784.	118073	868.	120270	952.	122310
617.	113634	701.	115643	785.	118153	869.	120277	953.	122316
618.	113672	702.	115699	786.	118154	870.	120286	954.	122341
619.	113678	703.	115718	787.	118203	871.	120292	955.	122405
620.	113684	704.	115758	788.	118232	872.	120295	956.	122434
621.	113693	705.	115801	789.	118241	873.	120310	957.	122438
622.	113697	706.	115832	790.	118262	874.	120326	958.	122490
623.	113800	707.	115838	791.	118269	875.	120349	959.	122505
624.	113822	708.	115849	792.	118281	876.	120352	960.	122533
625.	113866	709.	115864	793.	118286	877.	120354	961.	122534
626.	113883	710.	116003	794.	118323	878.	120369	962.	122543
627.	113938	711.	116072	795.	118371	879.	120408	963.	122547
628.	113986	712.	116083	796.	118424	880.	120421	964.	122566
629.	114023	713.	116107	797.	118464	881.	120426	965.	122572
630.	114025	714.	116117	798.	118473	882.	120443	966.	122573
631.	114035	715.	116118	799.	118474	883.	120495	967.	122707
632.	114044	716.	116123	800.	118504	884.	120505	968.	122710
633.	114069	717.	116148	801.	118522	885.	120507	969.	122763
634.	114090	718.	116168	802.	118565	886.	120530	970.	122785
635.	114128	719.	116215	803.	118572	887.	120550	971.	122789
636.	114147	720.	116218	804.	118616	888.	120564	972.	122796
637.	114157	721.	116241	805.	118653	889.	120565	973.	122828
638.	114172	722.	116247	806.	118663	890.	120603	974.	122829
639.	114175	723.	116269	807.	118682	891.	120630	975.	122837
640.	114219	724.	116325	808.	118700	892.	120631	976.	122858
641.	114260	725.	116360	809.	118713	893.	120640	977.	122874
642.	114324	726.	116370	810.	118739	894.	120644	978.	122943
643.	114339	727.	116382	811.	118747	895.	120707	979.	122958
644.	114366	728.	116406	812.	118767	896.	120712	980.	122968
645.	114375	729.	116407	813.	118802	897.	120766	981.	122970
646.	114377	730.	116411	814.	118869	898.	120794	982.	122973
647.	114408	731.	116446	815.	118876	899.	120823	983.	122986
648.	114413	732.	116457	816.	118888	900.	120825	984.	122990
649.	114417	733.	116499	817.	118921	901.	120854	985.	123021
650.	114422	734.	116523	818.	118936	902.	120880	986.	123036
651.	114486	735.	116548	819.	118950	903.	120902	987.	123071
652.	114515	736.	116571	820.	118953	904.	120910	988.	123104
653.	114516	737.	116632	821.	118966	905.	120928	989.	123111
654.	114628	738.	116728	822.	119003	906.	120988	990.	123123
655.	114650	739.	116730	823.	119016	907.	121034	991.	123133
656.	114683	740.	116775	824.	119026	908.	121071	992.	123192
657.	114712	741.	116778	825.	119094	909.	121086	993.	123210
658.	114755	742.	116806	826.	119175	910.	121088	994.	123218
659.	114785	743.	116838	827.	119194	911.	121113	995.	123288
660.	114786	744.	116846	828.	119206	912.	121115	996.	123293
661.	114796	745.	116848	829.	119232	913.	121144	997.	123320
662.	114851	746.	116856	830.	119272	914.	121161	998.	123342
663.	114852	747.	116862	831.	119314	915.	121170	999.	123343
664.	114883	748.	116892	832.	119371	916.	121183	1000.	123381
665.	114901	749.	116935	833.	119375	917.	121209	1001.	123430
666.	114937	750.	116936	834.	119436	918.	121212	1002.	123437
667.	114958	751.	116949	835.	119466	919.	121216	1003.	123482
668.	114963	752.	117028	836.	119479	920.	121233	1004.	123523
669.	114986	753.	117035	837.	119489	921.	121245	1005.	123568
670.	115069	754.	117063	838.	119535	922.	121280	1006.	123605
671.	115092	755.	117069	839.	119543	923.	121302	1007.	123635
672.	115098	756.	117072	840.	119560	924.	121311	1008.	123648
673.	115105	757.	117125	841.	119579	925.	121335	1009.	123655
674.	115111	758.	117156	842.	119619	926.	121362	1010.	123684
675.	115112	759.	117197	843.	119623	927.	121425	1011.	123687
676.	115141	760.	117247	844.	119646	928.	121518	1012.	123713
677.	115210	761.	117261	845.	119716	929.	121533	1013.	123727
678.	115218	762.	117276	846.	119772	930.	121561	1014.	123762
679.	115229	763.	117326	847.	119789	931.	121572	1015.	123768
1016.	123783	1100.	126084	1184.	128358	1268.	130118	1352.	132105
1017.	123825	1101.	126103	1185.	128369	1269.	130179	1353.	132117
1018.	123832	1102.	126124	1186.	128376	1270.	130251	1354.	132120
1019.	123862	1103.	126145	1187.	128396	1271.	130265	1355.	132128
1020.	123909	1104.	126187	1188.	128407	1272.	130303	1356.	132141
1021.	123914	1105.	126200	1189.	128431	1273.	130329	1357.	132147
1022.	123934	1106.	126201	1190.	128436	1274.	130360	1358.	132161
1023.	123950	1107.	126251	1191.	128466	1275.	130368	1359.	132164
1024.	123963	1108.	126260	1192.	128476	1276.	130395	1360.	132184
1025.	124001	1109.	126272	1193.	128497	1277.	130403	1361.	132188
1026.	124062	1110.	126274	1194.	128507	1278.	130425	1362.	132201
1027.	124080	1111.	126278	1195.	128516	1279.	130470	1363.	132231
1028.	124083	1112.	126312	1196.	128520	1280.	130475	1364.	132265
1029.	124101	1113.	126333	1197.	128523	1281.	130498	1365.	132383
1030.	124114	1114.	126346	1198.	128527	1282.	130516	1366.	132387
1031.	124143	1115.	126357	1199.	128578	1283.	130530	1367.	132388
1032.	124163	1116.	126384	1200.	128591	1284.	130531	1368.	132401
1.	बुरहानपुर	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (संविदा)	01	-	-	-	01	संविदा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के लिए समेकित वेतन समकक्ष नियमित पदों के न्यूनतम वेतन का 90 प्रतिशत होगा।	संयुक्त संचालक कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं इंदौर क्षेत्र इंदौर शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था परिसर नन्दानगर इंदौर म.प्र. पिनकोड 452011
2.	बड़वानी	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (संविदा)	-	01	-	-	01		
3.	खंडवा	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (नियमित)	-	-	-	01	01	नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए राशि रु. 4440-7440+1300/- ग्रेड वेतन (सातवें वेतनमान में ईपी लेवल-1 के अंतर्गत राशि रु. 15500/-) तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्तों की पात्रता होगी। नियमित चतुर्थ श्रेणी के पदों पर चयन होने पर अभ्यर्थी तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर नियुक्त होगा परिवीक्षा अवधि में अभ्यर्थी को प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत राशि स्टायपेण्ड के रूप में दी जावेगी।	
4.	नर्मदानगर	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (नियमित)	-	-	-	01	01		
5.	धामनोद	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (नियमित)	-	-	01	01	02		
	योग		01	01	01	03	06		

1. इच्छुक निःशक्त अभ्यर्थी उपरोक्त पद हेतु कॉलम 10 में उल्लेखित कार्यालय में पंजीकृत डाक से अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 05.08.2024 से दिनांक 04.09.2024 सायं 6.00 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।
2. उपरोक्त पद की श्रेणीवार संख्या, आवश्यक अर्हता, आवेदन पत्र का प्रारूप, आवेदन करने की प्रक्रिया, नियम/निर्देश, आवेदन आमंत्रित करने की तिथि, चयन सूची जारी करने, दस्तावेज परीक्षण, चयन प्रक्रिया का पूर्ण विवरण कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश जबलपुर की वेबसाइट **www.mpskills.gov.in** पर उपलब्ध है। प्रत्येक आवेदक आवेदन करने की पूर्व नियम/निर्देश अवश्य पढ़ें।

संयुक्त संचालक, कौशल विकास

जी-14281/49889/2024 इंदौर क्षेत्र इंदौर, म.प्र.

कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बैढ़न जिला-सिंगरौली (म.प्र.) 486886

Email - govtpolywdn034@gmail.com

क्रमांक/शापोमबै/स्था./759/2024 बैढ़न, दिनांक : 30.07.2024

विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

म.प्र. शासन द्वारा जारी दिव्यांगजन श्रेणी के विशेष भर्ती अभियान के तहत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बैढ़न जिला सिंगरौली में तृतीय श्रेणी अलिपकीय कुशल सहायक फिटर **(बहरे और कम सुनने वाले)** के पद पर एक पद की पूर्ति **''वॉक-इन-इन्टरव्यू''** के माध्यम से की जानी है। इस हेतु पात्र उम्मीदवार **दिनांक 20.08.2024 तक** आवेदन पत्र प्रेषित करें, एवं दिनांक 28.08.2024 को प्रातः 10.30 बजे वॉक-इन-इन्टरव्यू के लिये इस महाविद्यालय में समस्त मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होवें। विज्ञापन से संबंधित अन्य विवरण महाविद्यालय की वेबसाइट **www.polywaidhan.in** से डाउनलोड किया जा सकता।

प्राचार्य

जी-14305/49891/2024 शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बैढ़न जिला सिंगरौली म.प्र.

कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बालाघाट (म.प्र.)

Phone/Fax : 07632-242443, www.gpcbalaghat.ac.in, Email : gpcbgt@gmail.com

विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के आरक्षित पदों की पूर्ति भर्ती हेतु विज्ञापन

आयुक्त, संचालनालय तकनीकी शिक्षा म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक/स्था/3/बी/741/2024/भोपाल, दिनांक 10.06.2024 एवं पत्र क्र./3/स्था/डी/2024/939 दिनांक 18.07.2024 के अनुपालन में दिव्यांगजनों हेतु चिह्नित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र उम्मीदवार निर्धारित तिथि एवं समय पर महाविद्यालय में वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का प्रारूप शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बालाघाट की वेबसाइट **www.gpcbalaghat.ac.in** के Notice Board Menu पर भी उपलब्ध है या संलग्न क्यूआर कोड (QR Code) को स्कैन कर सकते हैं। रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है -

क्र.	पदनाम व वेतनमान	पद की श्रेणी	दिव्यांगजन के लिये आरक्षित श्रेणी का विवरण	कुल रिक्त पद	निर्धारित योग्यता	आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि
1.	**लाइब्रेरी (ग्रंथालय) लिपिक** 5200-20200 + 2100 (7वें वेतनमान में लेवल-5) 22100-70000	तृतीय श्रेणी	ऑटिज्म बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी एवं बहुविकलांगता	01	(अ) मान्यता प्राप्त संस्था से विज्ञान संकाय में स्नातक (ब) मान्यता प्राप्त संस्था से पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण	दिनांक 16.08.2024 को समय दोप. 11.30 बजे तक	दिनांक 16.08.2024 को समय दोप. 1.30 बजे से

अन्य शर्तें :–

1. निःशक्तजन की परिभाषा शासन द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी निर्देश के अनुरूप होगी।
2. आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
3. न्यूनतम 40% निःशक्तता का डिजीटल प्रमाण पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।
4. आवेदक को संबंधित पद के लिये आवेदन करने हेतु अधीक्षक, भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, विकलांगों हेतु व्यावसायिक पुनर्वास केंद्र नेपियर टाउन, जबलपुर से **विकलांगता सह उपयुक्तता प्रमाण पत्र** जारी करवाकर आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
5. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक सी 3-11/12/1/3 भोपाल दिनांक 03 नवम्बर 2012 के अनुसार दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होना अनिवार्य है। आरक्षित वर्ग एवं निःशक्तजन के उम्मीदवारों को नियमानुसार 05 वर्ष की छूट का प्रावधान है।
6. आवेदक को मध्यप्रदेश में किसी भी रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
7. शासकीय विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
8. म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के ज्ञाप क्र./03/2019/03/01 दिनांक 12.12.2019 के अनुसार 03 वर्ष की परिवीक्षा पर प्रथम वर्ष वेतनमान का 70% द्वितीय वर्ष वेतनमान का 80% तृतीय वर्ष वेतनमान का 90% राशि स्टायफंड के रूप में देय होगी।
9. आरक्षित वर्ग के आवेदक को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया डिजीटल जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. कोई भी उमीदवार जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गई न्यूनतम आयु सीमा से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
11. जिस आवेदक की 02 से अधिक जीवित संतान है, उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उसके बाद हुआ हो, तब ऐसा आवेदक नियुक्ति हेतु अपात्र होगा।
12. समस्त प्रमाण पत्र की प्रतियां सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित अथवा स्वप्रमाणित कर 01 सेट में आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। प्रमाण पत्रों के अभाव में आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा तथ पासपोर्ट आकार की 02 नवीनतम फोटो अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे।
13. आवेदन प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 16.08.2024** है। आवेदन कार्यालय में मय दस्तावेजों सहित नियत तिथि तक समय दोप. 11.30 बजे तक डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा करना अनिवार्य है।
14. वॉक-इन-इंटरव्यू के समय सभी प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।
15. पूर्व में जारी किये गये निःशक्तजन प्रमाण पत्र का परीक्षण संबंधित जिले के मेडिकल बोर्ड से कराने के उपरांत ही चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति दिये जाने की कार्यवाही की जायेगी।
16. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकारी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, बालाघाट के पास सुरक्षित होंगे।

प्राचार्य

जी-14386/49892/2024 शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, बालाघाट (म.प्र.)

REQUIRED

(Interviews under college (code-28/ code-30)MDIM, MDITM, MDIP- (MBA, (B-Tech) B-PHARMA), (D-PHARMA) /(PCI)

Invites Applications for the Positions of

DIRECTOR
PRINCIPAL
PROFESSOR
Associate Professor
Assistant Professor

Eligibility & Salary:
As per AICTE & UGC norms

Mathuradevi Group of Institutions Indore
(Unit of Gyan Vigyan Krida Vikas Sanstha)

Gram: Garipipliya, Aath Meel, Nemawar Road, Indore Pin 452018
9644264999
mathuradeviitm@gmail.com

R- 49907/2024

गरीब, वंचित और जरूरतमंदों की सेवा का अवसर है सिविल सेवा - राज्यपाल

भोपाल, सफल प्रतिभागी अपनी योग्यता का जनहित और देशहित में उपयोग करें। सिविल सेवा, गरीब, वंचित और जरूरतमंदों की सेवा का अवसर है। दूसरों की सेवा करना ही जीवन की सार्थकता है। यह बात राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने संकल्प संस्थान के सम्मान समारोह में कही। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों, उनके परिजनों और संस्थान को सफलता पर बधाई दी और प्रतिभागियों का सम्मान भी किया। सम्मान समारोह में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे।

राज्यपाल ने कहा कि सिविल सेवा में चयनित प्रतिभागी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाएं। ग्राम स्तर के पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलायें। उन्होंने कहा कि सिविल सेवक अपने ज्ञान और कौशल से ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ाने के लिए काम करें।

राज्यपाल ने कहा कि सफल प्रतिभागियों ने अपने परिवार और संस्थान का गौरव बढ़ाया है। यह उनके, परिजनों और संस्थान के लिए गौरव का दिवस है। उन्होंने कहा कि सफल होने के बाद अपने परिजनों को नहीं भूलें। उनका हमेशा सम्मान करें और उनके प्रति कृतज्ञता का भाव रखें।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि सिविल सेवा जमीन पर काम करने का सुअवसर है। सफल प्रतिभागी अपनी कार्यप्रणाली में भारत के दर्शन, विरासत और सामाजिक मूल्यों का समावेश जरूर करें। संवेदनशीलता के साथ जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहें। सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, सफलता और असफलता के संबंध में प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की अर्थ दृष्टिकोण पर आधारित कोचिंग संस्थानों के दौर में संकल्प संस्थान एक बेहतर विकल्प है।

मध्यप्रदेश में किया जा रहा है विज्ञान का लोकव्यापीकरण - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए

भोपाल, मध्यप्रदेश में विज्ञान का लोकव्यापीकरण किया जा रहा है। सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से कई वैज्ञानिक कार्य क्रियान्वित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा पर 23 अगस्त, 2024 को उज्जैन में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में कही।

उज्जैन का वैज्ञानिक महत्व

मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कार्य धरातल पर दिखें और नवाचारों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि उज्जैन का वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यधिक महत्व है। उज्जैन को अनुसंधान केंद्र बनाने की कोशिश करनी चाहिए और साइंस टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डोंगला के रिसर्च सेन्टर संचालन के लिए विभिन्न पदों की पूर्ति कर ली जाए। डिफेंस के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को रिसर्च का बड़ा केंद्र बनाया जाए।

तारा मंडल का अपग्रेडेशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने का माहौल बनाएं। संभागीय केन्द्रों पर विज्ञान की गतिविधियां बढ़नी चाहिए। उन्होंने बताया कि उज्जैन में विज्ञान केंद्र का भवन तैयार कर लिया गया है। उज्जैन में तारा मंडल का अपग्रेडेशन हो चुका है। जनप्रतिनिधियों को इसका अवलोकन कराया जाए। खगोलीय वेधशाला डोंगला के ऑटोमेशन का कार्य अंतिम चरण में है। ग्रामीण प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग केंद्र औबेदुल्लागंज में तैयार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आयोजित हो रही इन्वेस्टर्स समिट के साथ आरोग्य एक्सपो का आयोजन किया जाए। बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए स्पेस ऑन व्हील्स बस का निरीक्षण कराया जाए।

मध्यप्रदेश में बढ़ाई जायेगी आईटी पार्क की संख्या

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों के लिए ई-सर्विस पोर्टल बनाया गया है। विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए आईटी की प्रमुख भूमिका है। उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए साइबर अपराध को रोकने के प्रयास हों। आईटी पार्कों की संख्या और आय बढ़ाने के लिए भी प्रयास हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीमच में मसाला उद्योग का बड़ा स्कोप है, जिसके विकास के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विज्ञान मेलों में प्रदर्शनी लगाएं, प्रदेश में विज्ञान का माहौल बनाएं और रिसर्च की गतिविधियों को बढ़ाएं।

पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता के लिये प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए - पर्यावरण मंत्री

भोपाल, पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत ने पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता के लिये प्रभावी प्रचार-प्रसार करने के लिए विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रतिबद्धता से अपने कार्यों का निर्वहन करें।

श्री रावत ने विभागीय रिक्त पदों की पूर्ति के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों की पूर्ति के लिये कैबिनेट से मंजूर कराने के लिये प्रेसी तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का कार्यालय स्थापित करने के लिये कार्य योजना तैयार की जाये।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में फैक्ट्रियों और कारखानों में होने वाली घटनाओं की सूची तैयार करें और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिये प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इस पर समुचित कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उद्योग, अस्पताल, होटल, मैरिज गार्डन इत्यादि की एनओसी देने के उपरांत उन स्थानों का निरीक्षण भी किया जाये। जिससे पर्यावरण प्रदूषण की स्थिति निर्मित न हो। जिससे जन हानि रोकी जा सके, इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने के लिये कहा।

मेडिकल छात्रों के लिए हिन्दी में पाठ्य सामग्री उपलब्ध करायें

भोपाल, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में हिन्दी में एमबीबीएस (चिकित्सा शिक्षा) पाठ्य-सामग्री की उपलब्धता की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व चिकित्सा शिक्षा के सभी वर्षों की पाठ्य-पुस्तकों की हिन्दी भाषा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उप मुख्यमंत्री ने वर्षवार और विषयवार पाठ्यपुस्तकों के लिप्यंतरण कार्य की समीक्षा की।

उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य

भोपाल, खाद्य प्रसंस्करण और उद्यानिकी में लगे उद्यमी तथा किसान अपनी गतिविधियों और उत्पादन क्षमता को अगले 5 साल में दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें। राज्य सरकार उन्हें हर संभव वित्तीय और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित क्रेता-विक्रेता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश के मध्य में स्थित हमारे प्रदेश पर ईश्वर की विशेष कृपा है। प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा के साथ सभी ऋतुओं का लाभ उपलब्ध होने से खाद्य प्रसंस्करण के लिए आवश्यक उद्यानिकी तथा अन्य गतिविधियों के लिए मध्यप्रदेश उपयुक्त है। प्रदेश में आवागमन के साधन, बिजली, पानी, सड़क और भंडारण संबंधी आवश्यक अधोसंरचना भी विद्यमान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप वर्तमान परिस्थितियों में देश आर्थिक समृद्धि और विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण बना है।

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक समिट कर बड़े उद्योगपतियों के साथ परम्परागत रूप से व्यापार, व्यवसाय और औद्योगिक गतिविधियों में लगे व्यक्तियों को प्रोत्साहन प्रदान करने की पहल की है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश में ऐसी योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने की 'एक पेड़ माँ के नाम' पौध-रोपण अभियान की प्रशंसा

इंदौर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' के अंतर्गत मध्यप्रदेश में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में हुए विशेष कार्य का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन्दौर में एक ही समय लाखों पौधों का रोपण किया गया है, जो अपने आप में अनूठा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इससे पूर्व भी मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम की चर्चा की थी।

फार्मास्युटिकल इण्डस्ट्री पॉलिसी

फार्मा क्षेत्र में रोज़गार की अपार संभावनाएं

भोपाल, मध्यप्रदेश में फार्मा क्षेत्र में रोज़गार की अपार संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश की फार्मास्युटिकल इण्डस्ट्री पॉलिसी सबसे अच्छी पॉलिसी है। यह पॉलिसी वर्ष 2002-23 की है। प्रदेश में फार्मा के व्यवसाय को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। फार्मा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के सदस्यों के साथ हुई बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि फार्मास्युटिकल इण्डस्ट्री में कार्य करने के लिए युवाओं को तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जाएगा। मध्यप्रदेश में फार्मा क्लस्टर डेवलप करने की संभावनाएं बेहतर हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों की स्थापना के लिए हर संभव मदद करने का प्रयास कर रही है। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए सब्सिडी देने के साथ ही भूमि भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि निवेशकों के प्रस्तावों पर राज्य सरकार द्वारा शीघ्रता से कार्यवाही की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए

मुख्यमंत्री ने बायोटेक पार्क विकसित करने की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि फार्मा सेक्टर को प्रमोट किया जाए। बैठक में सदस्यों ने इण्डस्ट्रीज को पोल्यूशन फ्री जोन बनाने, फाइटो मेडिसिन डेवलप करने, फार्मास्युटिकल के लिए मेघनगर के पास नया एरिया डेवलप करने का सुझाव दिया। बैठक में मध्यप्रदेश में फार्मेसी के व्यवसाय को और अधिक बढ़ाने पर चर्चा हुई।

स्कूली बच्चों के लिए स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विजिट कार्यक्रम शुरू

भोपाल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग की पहल पर तात्या टोपे खेल स्टेडियम में उपलब्ध खेल सुविधाओं से छठवीं से नवीं कक्षा तक के स्कूली बच्चे अवगत हुए। श्री सारंग ने विभागीय अधिकारियों को स्कूल और कॉलेज के बच्चों को खेलों के प्रति आकर्षित करने के लिये कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में नई पीढ़ी को खेलों से जोड़ने के लिए स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विजिट प्रोग्राम की शुरुआत की गई। इसके तहत कटारा हिल्स स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के बच्चों ने भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों से खेल से संबंधित कुछ प्रश्न भी पूछे जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक जवाब दिया। खेल मंत्री ने कहा कि दो आयामों पर काम किया जा रहा है। प्रथम, खिलाड़ी उत्कृष्ट खिलाड़ी बनें, वे इंटरनेशनल और नेशनल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन करें और उसके साथ-साथ युवा एवं बच्चे खिलाड़ी भी बनें। युवा खेल के प्रति जागरूक हों। दूसरा, स्कूल और कॉलेज के बच्चे खेल मैदान से जुड़ें जरूरी है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे हमारे सभी स्पोर्टस इंफ्रास्ट्रक्चर को देखें। खिलाड़ियों एवं कोचों से मिलें। इसलिए इस नए प्रोग्राम की शुरुआत की गई है।

श्री सारंग की पहल पर पहली बार शासकीय एवं निजी स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश में खेल सुविधाओं से अवगत करवाने के लिए यह भ्रमण कार्यक्रम शुरू किया गया है। युवा और बच्चे इन खेल सुविधाओं के प्रति आकर्षित होकर अपनी अभिरुचि अनुसार खेल का चयन कर सकेंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मंत्रिपरिषद के निर्णय

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक संपन्न हुई

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। बैठक में मंत्रिपरिषद द्वारा सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना अंतर्गत प्रदेश की निर्धारित आयु वर्ग की पात्रता अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बीमा कवर का लाभ देने के सम्बन्ध में स्वीकृति दी गई।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनवाड़ी सहायिका को राशि 436 रुपये प्रति हितग्राही वार्षिक प्रीमियम के भुगतान से, किसी कारण से मृत्यु की दशा में 2 लाख रुपये का जीवन जोखिम कवर किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 18-59 वर्ष की आयु वर्ग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनवाड़ी सहायिका को राशि 20 रुपये प्रति हितग्राही वार्षिक प्रीमियम के भुगतान से दुर्घटना में मृत्यु एवं स्थाई पूर्ण अपंगता की स्थिति में 2 लाख रुपये तथा आंशिक किन्तु स्थाई की स्थिति में 1 लाख रुपये दिए जाने का प्रावधान है।

गैस रिफिल भुगतान योजनाओं का अनुमोदन

मंत्रिपरिषद द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के समस्त गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं और गैर उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शनधारी लाड़ली बहनों को गैस सिलेंडर रिफिल पर अनुदान राशि के भुगतान के लिये दो योजनाओं का अनुमोदन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये योजना क्रमांक 1370 रसोई गैस सहायता योजना (उज्ज्वला) एवं योजना क्र. 1387 रसोई गैस सहायता योजना (गैर उज्ज्वला) की स्वीकृति दी गई है।

आयुष विंग के लिए 213 पदों के सृजन का निर्णय

मंत्रिपरिषद में मध्यप्रदेश के 22 जिलों, अलीराजपुर, आगर मालवा, रीवा, अनूपपुर, ग्वालियर, अशोक नगर, भिण्ड, कटनी, उमरिया, बैतूल, भोपाल, बुरहानपुर, खण्डवा, खरगोन, धार, मुरैना, सतना, शहडोल, सिंगरौली, उज्जैन, सागर एवं निवाड़ी एलोपैथी चिकित्सालय में आयुष चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष विंग की स्थापना एवं संचालन के लिए आवश्यक 213 पदों के सृजन की स्वीकृति दी। साथ ही 19 करोड़ रुपये बजट आवंटन की सहमति दिये जाने का निर्णय लिया गया।

विशेष अनुग्रह राशि 90 लाख रुपये की स्वीकृति

मंत्रिपरिषद द्वारा दिवंगत स्व. नरेश कुमार शर्मा सहायक उप निरीक्षक, जिला छिंदवाड़ा के माता-पिता तथा पत्नी को क्रमशः 45-45 लाख रुपये की शेष विशेष अनुग्रह राशि की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

बेसमेंट में चल रहे

कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा के इंतजाम सुनिश्चित करें

भोपाल, वर्षाकाल में प्रदेश में कहीं भी जन हानि न हो। इसके लिए सभी कलेक्टर्स अपने नेतृत्व में जिलों में प्रशासनिक अमले को दायित्व सौंपें। बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करें। संबंधित अमला सजग एवं सतर्क रहे और आम जनता को आगाह भी किया जाए ताकि कोई दुर्घटना न हो। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से कलेक्टर्स, कमिश्नर्स को निर्देशित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवर्षा या बाढ़ की चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वय में कोई कमी नहीं रहना चाहिए। लोगों की जीवन रक्षा के लिए कहीं सेना की जरूरत हो तो कलेक्टर्स समय पर जानकारी में लायें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिल्ली में ओल्ड राजेंद्र नगर में हुए हादसे में बेसमेंट में पानी भरने से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन युवाओं की असामयिक मृत्यु दुःखद और दर्दनाक है। उन्होंने मध्यप्रदेश के बेसमेंट में संचालित कोचिंग केंद्रों के सर्वे के निर्देश दिए।

सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें

डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग ऐसे पुल-पुलियों की जानकारी संकलित करें, जहां पूर्व में दुर्घटनाएं हुई हैं, ऐसे रपटों और पुलों पर प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि पुलों पर पानी का भराव हो तो लोगों को न जाने दें। बांधों से पानी छोड़ें तो प्रभावित होने वाले जिलों को पहले से अलर्ट करें। तैराक दल भी ऐसे स्थानों पर उपलब्ध रहें। स्थानीय स्तर पर तालमेल रहे। जिलों और तहसीलों की परस्पर जानकारी रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई जनहानि न हो, इसके लिए सजग रहें, निरंतर मॉनिटरिंग होती रहे। कंट्रोल रूम की ड्यूटी वाले अधिकारी-कर्मचारी 24 घंटे सजग और सतर्क रहें। जरूरत के अनुसार स्काउट-गाइड और सेवा भावी संस्थाओं की सेवाएं अतिवर्षा की स्थिति में प्राप्त करें।

माँ तुझे प्रणाम योजना के तहत 81 सदस्यीय दल जैसलमेर रवाना

भोपाल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने तात्या टोपे खेल स्टेडियम से 'माँ तुझे प्रणाम योजना' के तहत आगर-मालवा, अनूपपुर, बड़वानी और अलीराजपुर जिले के 73 युवाओं और 8 सपोर्ट स्टॉफ सहित कुल 81 सदस्यीय दल को जैसलमेर (राजस्थान) अंतर्राष्ट्रीय सीमा के लिए रवाना किया। श्री सारंग ने युवाओं को संबोधित करते हुए माँ तुझे प्रणाम योजना के महत्व को बताया। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि भारत ने अनेक बलिदानों के बाद आजादी पाई है। उन्होंने देश के बलिदानियों का उदाहरण देते हुए बताया कि शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव और चन्द्रशेखर आजाद जैसे कई क्रांतिकारियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हुए देश को आजादी दिलायी है। हमें देश के लिए जीना सीखना है, जरूरत पड़ने पर सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए तैयार रहना है।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय को मिला नेक 'A' ग्रेड

भोपाल, जबलपुर स्थित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय को नेक द्वारा 'A' ग्रेड दिया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। श्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश लगातार उच्च शिक्षा में नए आयाम स्थापित कर रहा है। श्री परमार ने कहा कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा निर्धारित मानकों पर खरा उतरना सराहनीय है। प्रदेश के एनएएसी के प्रमाणन से वंचित विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय भी एनएएसी के मानकों पर खरा उतरने के लिए प्रयास करें।

विद्यावन में दिखेगा भारत का कौशल और ज्ञान

भोपाल, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के टैगोर हॉस्टल परिसर में 'विद्यावन' में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री परमार ने विद्यावन में विद्यार्थियों एवं संस्थान परिवार के साथ त्रिवेणी (नीम, पीपल, बरगद) एवं पंचवटी (बिल्व पत्र, आंवला, बरगद, पीपल और सीता अशोक) सहित विभिन्न औषधीय पौधों का रोपण भी किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में प्रकृति के संरक्षण के भाव की जागृति और शिक्षण संस्थान परिसर में पर्यावरण अनुकूल परिवेश तैयार करने की दृष्टि से 'विद्यावन' के रूप में अभिनव पहल की गई है। महाविद्यालय में 'विद्यावन' और 'विद्या संवाद केंद्र' विकसित होकर आदर्श संस्थान के रूप में प्रेरणा का केंद्र बनेंगे। उन्होंने कहा कि यहां परिसर की दीवारों पर वेदों, उपनिषदों आदि में उल्लेखित ज्ञान-विज्ञान, औषधीय एवं इंजीनियरिंग पर आधारित घटनाओं एवं प्रतीकों का चित्रण और लेखन किया जाएगा। 'विद्यावन' रूपी सघन वन में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए ग्लास हाउस भी बनाया जाएगा, जिसे 'विद्या संवाद केंद्र' के रूप में विकसित किया जाएगा, यहां नैसर्गिक परिवेश में विद्यार्थी अध्ययन एवं आपस में संवाद कर सकेंगे।

प्रस्तुत किया गया डिजाइन प्रस्ताव

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इंदर परमार के समक्ष 'विद्यावन' के विकास के लिए महाविद्यालय के आर्किटेक्चर एवं इंटीरियर डिजाइन विभाग द्वारा तैयार डिजाइन प्रस्ताव की जानकारी प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. आराधना हंस ने प्रस्तुत की। डॉ. आराधना ने बताया कि प्रस्तावित डिजाइन प्रस्ताव में भूमि के प्राकृतिक ढलान एवं विद्यमान वृक्षों को संरक्षित करते हुए पाथवे पैटर्न डिजाइन किया गया है।

स्लीमनाबाद टनल का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्लीमनाबाद टनल निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि स्लीमनाबाद टनल का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवासीय क्षेत्र के नीचे टनल निर्माण करते हुए विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल प्रदेश के लिए एक मेगा प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट से जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना और रीवा जिले के कृषकों को सिंचाई और ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की महत्वाकांक्षी योजना

भोपाल, मध्यप्रदेश में स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता में सुधार और शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पीएमश्री योजना सितम्बर 2022 से शुरू की गई है। शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए पीएमश्री योजना में केन्द्र एवं राज्य के सहयोग से संयुक्त प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में वर्तमान में 553 स्कूल पीएमश्री योजना में लिये गये हैं।

पीएमश्री योजना में प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड से दो हायर सेकेंडरी, हाईस्कूल या माध्यमिक और प्राइमरी स्कूलों का चयन कर इन विद्यालयों को इस प्रकार विकसित किया जा रहा है, जिससे यह स्कूल आस-पास के अन्य स्कूलों के लिए उत्कृष्टता का उदाहरण बनकर कार्य कर सकें। पीएमश्री स्कूलों में वाटिका का विकास, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा, खेलने की सुविधा और लाइब्रेरी, लैब की व्यवस्था की जा रही है।

योजना के पहले चरण में 416 स्कूलों का चयन किया गया। जिसमें प्रदेश की 14 प्राथमिक शाला, 91 माध्यमिक शाला, 116 हाईस्कूल और 195 हायर सेकेडरी स्कूल शामिल हैं। इन स्कूलों में करीब 2 लाख 50 हजार विद्यार्थी दर्ज हैं, इन विद्यालयों के लिए करीब 220 करोड़ की राशि मंजूर की गई है। केन्द्र सरकार के दूसरे चरण में 137 स्कूलों का चयन किया गया है। इसमें 13 माध्यमिक शाला, 52 हाईस्कूल और 72 हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं।

मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन वृद्धि के लिए करें प्रयास

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के पश्चिमी अंचल में दुग्ध उत्पादन भरपूर है। इसके मुकाबले सघन वन वाले पूर्व क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन के प्रयासों को बढ़ाया जाना चाहिए। प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के जिलों में रहने वाले जनजातीय समाज द्वारा वर्षों से पशुपालन और दुग्ध उत्पादन किया जाता रहा है। इसमें वृद्धि न होना चिंतनीय और अध्ययन का विषय है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में दुग्ध उत्पादन, दुग्ध एकत्रीकरण और सांची दुग्ध संघ की गतिविधियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने बैठक में दुग्ध उत्पादन एवं एकत्रीकरण तथा सांची दुग्ध संघ की गतिविधियों को बढ़ाने संबंधी कार्य योजना पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सांची दुग्ध संघ की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए

- डेयरी सहकारी समितियों के गठन से सहकारी कवरेज का विस्तार होगा।
- दूध के संकलन, परिवहन और प्र-संस्करण के विभिन्न चरणों में गुणवत्ता सुधार के उपाय लागू होंगे।
- मौजूदा बुनियादी ढांचे के श्रेष्ठ उपयोग, संयंत्र प्रौद्योगिकी उन्नयन और एंड-टू-एंड डिजिटलीकरण पर दें ध्यान।
- भारत के अन्य राज्यों में विपणन और विदेशों में निर्यात के लिए नीतिगत सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।
- दूध और दूध के उत्पादों की बाजार में विपणन गतिविधियों को भी मजबूत बनाया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

केदारनाथ में फंसे प्रदेश के 51 लोगों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित निकाला

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चार धाम की यात्रा के दौरान केदारनाथ में फंसे मध्यप्रदेश के 61 यात्रियों में से 51 यात्रियों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित रुद्रप्रयाग पहुंचाया गया है। शेष 10 यात्री केदारनाथ में ही सुरक्षित स्थान पर हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि शिवपुरी के बदरवास क्षेत्र के कुल 61 लोग एक बस तथा अन्य चार पहिया वाहन लेकर केदारनाथ दर्शन के लिए गए थे, जो भूस्खलन के कारण वहां फंस गए। राज्य सरकार ने उत्तराखंड सरकार से संपर्क कर उन्हें एयरलिफ्ट कराया और 51 यात्रियों को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर रुद्रप्रयाग पहुंचाया गया है। शेष यात्री केदारनाथ क्षेत्र में ही हैं और सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड सरकार के सतत संपर्क में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि किसी यात्री को कोई कष्ट न हो। यात्रा के दौरान वर्षाजनित कठिनाइयों के कारण यह घटना हुई है। सभी यात्री कुशलक्षेम हैं।

संस्कृत संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं संस्कृत की प्राचीन पुस्तकें

भोपाल, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान की समेकित वेबसाइट www.mpssbhopal.org संचालित हो रही है। इस वेबसाइट में शासकीय जीवाजी वेधशाला उज्जैन एवं शासकीय योग प्रशिक्षण केन्द्र, भोपाल की जानकारी का भी समावेश किया गया है।

वेबसाइट पर करीब 540 प्राचीन संस्कृत पुस्तकें पब्लिक डोमेन पर डाली गई हैं। इसके साथ ही संस्थान की परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को मार्गदर्शन के लिये ब्लू प्रिन्ट, प्रश्न बैंक और आदर्श उत्तर पाठ्य सामग्री सहित संस्कृत संस्थान के नवीन पाठ्यक्रम को भी प्रदर्शित किया गया है।

संस्कृत भाषा में एलकेजी (अरुण), यूकेजी (उदय) कक्षाओं के लिये प्रथम भाग एवं द्वितीय भाग तथा कक्षा एक की पाठ्यपुस्तकें एवं कक्षा 3 कक्षा 10 के लिये प्रायोगिक खगोल विज्ञान की भाग-1, भाग-2 और भाग-3 की पाठ्यपुस्तकें भी प्रदर्शित की गई हैं। इसी के साथ नवीन पाठ्यक्रम अनुसार गुजरात राज्य शाला पाठ्यपुस्तक मंडल से प्राप्त कक्षा 9वीं से 12 तक की प्राच्य संस्कृत विषयों की 22 पाठ्य पुस्तकें स्कैन कर अपलोड की गई हैं।

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल के तुलसी नगर के नवीन भवन का निर्माण कार्य 10 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से पूरा किया जा चुका है। संस्थान के आधुनिक ऑडिटोरियम में 150 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। योग संस्थान में प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों के आवासीय सुविधा के लिये लोक निर्माण विभाग के पीआईयू भोपाल के माध्यम से जी प्लस-4 भवन निर्माण की डीपीआर प्राप्त की जा चुकी है।

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा प्रदेश के दतिया और डिण्डोरी में आवासीय संस्कृत विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं। संस्थान द्वारा नवीन संस्कृत विद्यालय प्रारंभ किये जाने के संबंध में सीहोर एवं हरदा में विद्यालय के लिये 5 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से की जा रही है।

मध्यप्रदेश में स्कूल बैग नीति का सख्ती से हो पालन

नरसिंहपुर, स्कूल बैग नीति का पालन सभी सरकारी एवं प्रायवेट स्कूलों में सख्ती से हो। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विभागीय अमले ने माह में स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किन-किन तारीखों में और कहां किया इसकी जानकारी भी जन-प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाये। यह बात स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने नरसिंहपुर में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही। श्री सिंह ने समग्र शिक्षा पोर्टल पर वर्ष 2023-24 और 2024-25 में छात्रों की मैपिंग जानकारी प्राप्त की।

चित्रकूट में भारतीय संस्कृति और मानवीय सभ्यता का है अनूठा मेल : मुख्यमंत्री

जियो पार्क की स्थापना से सामाजिक और आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चित्रकूट में यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क की स्थापना के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए

सतना, चित्रकूट में भगवान श्रीराम का वनवास काल गुजरा है। यहां मानवीय सभ्यता और भारतीय सनातन, संस्कृति का अनूठा मेल दिखाई देता है। चित्रकूट की पावन धरा पर जियो पार्क की संभावना तलाशने का कार्य आरंभ किया गया है। जियो पार्क से इस क्षेत्र में रोज़गार और विकास के अवसर खुलेंगे तथा सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट के उद्यमिता परिसर में चित्रकूट संभावित यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क की स्थापना के लिए आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूनेस्को ने 195 देशों में जियो पार्क की स्थापना की संभावनाएं तलाशी हैं। उन्होंने चित्रकूट की पावन धरती पर जियो पार्क की संभावना देखने के लिए यूनेस्को के प्रतिनिधियों का आभार भी व्यक्त किया। डॉ. यादव ने कहा कि भारत रत्न नानाजी देशमुख ने सर्वाधिक पिछड़े क्षेत्र में स्वावलंबन की अलख जगाई थी। इस क्षेत्र में रोज़गार, पशुपालन, कृषि, सहित सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों की प्रगति में दीनदयाल शोध संस्थान का विशेष योगदान रहा है। प्रदेश में चित्रकूट ही ऐसा परम धाम है, जहां सभी संभावनाएं फलीभूत होती हैं। उन्होंने कहा कि जियो पार्क की स्थापना से हमारी प्राचीन विरासत और अमूल्य भारतीय संस्कृति को संरक्षण मिलेगा।

इस अवसर पर यूनेस्को के प्रतिनिधि ने जियो पार्क की स्थापना के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी प्राकृतिक संपदा को संरक्षित करने की जरूरत है। जियो पार्क का उद्देश्य अपनी भू-वैज्ञानिक और सांस्कृतिक विरासत की खोज कर उसे और प्रभावी बनाना है। भारत में अब तक कोई जियो पार्क नहीं है। चित्रकूट में मानव जीवन का पुराना इतिहास मौजूद होने से यहां जियो पार्क की संभावना अत्यधिक है।

स्वच्छता समग्र क्षमतावर्धन कार्यशाला संपन्न

भोपाल, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में प्रदेश के वाटर प्लस प्रमाणीकरण के लिये लक्षित 54 नगरीय निकायों के उप यंत्री/सहायक यंत्रियों के क्षमतावर्धन के लिये 2 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सह एक्सपोजर विजिट कार्यशाला का आयोजन किया गया। मिशन संचालक, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) श्री अक्षय तेम्रवाल द्वारा निकायों से आए हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को वॉटर प्लस प्रमाणीकरण के लिये भोपाल नगर निगम के एसटीपी प्लांट एवं आकांक्षी शौचालयों का भ्रमण करवाया गया।

बंजर जमीन को हरा-भरा बनाकर आगामी पीढ़ी को दी जाएगी सौगात

मऊगंज, बंजर जमीन को हरा-भरा बनाकर आने वाली पीढ़ी को सौगात के रूप में सौंपा जाएगा। जो जंगल नष्ट हो गए और जमीन बंजर हो गई वहां सघन पौधरोपण कर पूर्व की तरह ही हरा-भरा जंगल बनाया जाएगा। यह बात उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मऊगंज जिले के ग्राम मलकपुर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत साढ़े चार लाख पौधों के रोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधरोपण का कार्य पुनीत कार्य है। वृक्ष हमें फल, छाया के साथ-साथ प्राणवायु देते हैं। उन्होंने वन विकास निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को 22 हजार एकड़ पठारी क्षेत्र में वर्ष 2010 से अब तक 85 लाख से अधिक पौधे लगाने के कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगामी तीन वर्ष में इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए लगभग 15 लाख पौधों का पौधरोपण किया जाएगा। इस तरह इस बंजर भूमि में 1 करोड़ 25 लाख पौधे लगाकर हरा-भरा किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त किया कि पूर्व में लगाए गए पौधों में से 80 प्रतिशत से अधिक पौधे जीवित हैं।

वर्ष 2030 तक जीरो हंगर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास

भोपाल, हम 'सुपोषित मध्यप्रदेश' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीण मध्यप्रदेश को प्रगति-पथ पर ले जाने के लिए हमें विकास विभागों, विषय विशेषज्ञों, संस्थाओं और महिला समूहों को एक साथ आना होगा, तभी समृद्धशाली ग्रामीण मध्यप्रदेश के सपने को साकार किया जा सकता है। हम वर्ष 2030 तक 'जीरो हंगर' या पोषित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। यह बात महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया ने भोपाल स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया द्वारा आयोजित इंडिया रूरल कॉलोक्वी कार्यक्रम 'समृद्धशाली ग्रामीण मध्यप्रदेश' के निर्माण में पोषण और स्वास्थ्य की भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कही।

सुश्री भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण को जन-आन्दोलन बनाने के लिए समुदाय और समाज को अपने साथ निरंतर जोड़ा जा रहा है। मध्यप्रदेश में समुदाय को कुपोषण दूर करने से जोड़ने के लिये न केवल पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को पोषण शिक्षा और प्रबंधन सिखाने का प्रयास किया जा रहा है बल्कि समुदाय आधारित पोषण अभियान और इससे संबंधित कार्यक्रमों का संचालन भी निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग ने वर्ष 2020 में पोषण नीति का निर्माण कर अपने लिए बड़े और दूरगामी लक्ष्य भी निर्धारित किये हैं, जिससे हर व्यक्ति, विशेषकर बच्चे, किशोर-किशोरी और महिलाएं बेहतर पोषण और स्वास्थ्य स्थिति प्राप्त कर सकें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि 'सुपोषित मध्यप्रदेश' की दिशा में राज्य में कई नवाचारों, सामुदायिक कार्यक्रमों और लोगों को जोड़कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की जा रही है। विश्व स्तनपान सप्ताह, महिला सशक्तिकरण के लिए 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान, महिला हेल्पलाइन 181, बच्चों के लिए हेल्पलाइन 1098, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और इन सबसे बढ़कर महिलाओं के आर्थिक उत्थान के लिए 'लाड़ली बहना' के माध्यम से पूरे देश में महिला और बाल विकास ने अलग जगा दी है। प्रदेश में हमने इस बार 'पोषण भी और पढाई भी' की नई संकल्पना के साथ कार्य प्रारंभ किया हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश के शहडोल, गुना, झाबुआ, खंडवा, छतरपुर एवं पिपरिया में एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम

40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011

फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006

www.mpmadhyam.in

madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

अनिल कुमार प्रभाकरन

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव बने

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने केरल के अनिल कुमार प्रभाकरन को एआईएफएफ का नया महासचिव नियुक्त किया है। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे की सिफारिश पर कार्यकारी समिति ने अनिल कुमार प्रभाकरन की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की। वह वर्तमान में अंतरिम महासचिव एम. सत्यनारायण की जगह लेंगे, एम. सत्यनारायण को इस जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है।

कैप्टन सुप्रीता सीटी

दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन में हुई तैनात

भारतीय सेना की महिला कैप्टन सुप्रीता सीटी सियाचिन में तैनात की गई हैं। दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन में तैनात होने वाली वह दूसरी महिला हैं। उनसे पहले कैप्टन शिवा चौहान को जनवरी 2024 में सियाचिन में तैनात किया गया था। मैसूर के जेएसएस लॉ कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई करने वाली सुप्रीता सैन्य पुलिस दल का हिस्सा हैं। कैप्टन सुप्रीता के पति मेजर जेरी ब्लेज भी भारतीय सेना में अधिकारी हैं।

मनोलो मार्केज

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने स्पेन के मनोलो मार्केज को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह इगोर स्टिमेक की जगह लेंगे, फीफा विश्वकप क्वालिफायर में भारतीय फुटबॉल टीम के खराब प्रदर्शन के बाद स्टिमेक को मुख्य कोच पद से बर्खास्त कर दिया गया था। मार्केज को कोचिंग का लंबा अनुभव है। वह वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम एफसी गोवा के मुख्य कोच हैं, इससे पहले वह हैदराबाद एफसी के भी कोच रह चुके हैं। एआईएफएफ ने मार्केज के कार्यकाल की जानकारी नहीं दी है।

दीपा मलिक

एशियन पैरालिंपिक कमेटी में दक्षिण एशिया प्रतिनिधि बनीं

एशियन पैरालिंपिक समिति (एपीसी) ने पैरालिंपिक खेलों में भारत की पहली महिला पदक विजेता खिलाड़ी दीपा मलिक को दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान दीपा मलिक की नियुक्ति को मंजूरी दी गई। दीपा की जिम्मेदारी दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इन देशों में पैरा खेलों का विकास करना और बढ़ावा देना है। दीपा की नियुक्ति के साथ ही एपीसी की कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

विनय मोहन क्वात्रा

अमेरिका में भारत के राजदूत नियुक्त

केंद्र सरकार ने विनय मोहन क्वात्रा को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया है। वह वर्ष 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं। वह तरनजीत सिंह संधू की जगह लेंगे, जो इस वर्ष जनवरी में सेवानिवृत्त हो गए थे। तभी से यह पद खाली था। क्वात्रा इससे पहले भारत के विदेश सचिव थे, उन्होंने कई अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भारत का पक्ष मजबूती से रखा है। वह इससे पहले कई अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। वह अक्टूबर, 2015 से अगस्त, 2017 तक प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव रह चुके हैं। उन्होंने फ्रांस और नेपाल में भारत के राजदूत का पद संभाला है।

सुदर्शन पटनायक

इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में जीता गोल्डन सैंड मास्टर पुरस्कार

भारत के प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में गोल्डन सैंड मास्टर पुरस्कार जीता है। इस प्रतियोगिता की थीम इतिहास, पौराणिक कथाओं और परियों की कहानी थी। इस प्रतियोगिता में दुनियाभर के 21 मास्टर सैंड आर्टिस्ट ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में सुदर्शन ने जगन्नाथ महाप्रभु के रथ और उनके भक्त बलराम दास की 12 फुट की रेत की मूर्ति बनाई है। सुदर्शन ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें वह पुरस्कार ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर सुदर्शन पटनायक ने कहा कि विदेशी धरती पर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा बनाना मेरे जीवन का सपना था।

रणधीर सिंह

एशियाई ओलंपिक परिषद के बनेंगे अध्यक्ष

भारत के अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष बनेंगे। वह अभी ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष हैं। आठ सितंबर को होने वाले ओसीए के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए वह एकमात्र उम्मीदवार हैं। ऐसे में उनका अध्यक्ष बनना तय हो गया है। रणधीर सिंह इस पद पर पहुंचने वाले पहले भारतीय होंगे। वह इससे पहले भारतीय ओलंपिक समिति के महासचिव और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य रह चुके हैं। ओसीए ने एक बयान जारी कर बताया कि ओसीए चुनाव समिति ने मंगोलियाई ओलंपिक समिति के अध्यक्ष बटूशिग बैटबोल्ट की दावेदारी को अयोग्य करार देते हुए उसे खारिज कर दिया है।

नासा ने

लागत बढ़ने से रद्द किया चंद्र मिशन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चंद्रमा पर आर्टेमिस रोवर उतारने के मिशन को रद्द कर दिया है। नासा ने कहा कि लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी की वजह से इस मिशन को स्थगित किया गया है। नासा ने कहा कि इस मिशन के विकास पर अब तक 450 मिलियन डॉलर खर्च किया जा चुका है। नासा के विज्ञान मिशन निदेशालय की सहयोगी प्रशासक निकी फॉक्स ने बताया कि इस तरह के फैसले लेना आसान नहीं होता। उल्लेखनीय है कि नासा के इस मिशन का लक्ष्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ और अन्य संसाधनों का पता लगाना था। नासा ने वर्ष 2023 में इस रोवर को लॉन्च करने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया था।

अभिनव बिंद्रा

आईओसी ओलंपिक ऑर्डर से होंगे सम्मानित

भारत के पूर्व दिग्गज निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक मूवमेंट में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित करेगी। अभिनव को यह पुरस्कार 10 अगस्त को पेरिस में आईओसी के 142वें सत्र के दौरान दिया जाएगा। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने अभिनव को पत्र लिखकर कहा कि आईओसी एक्जीक्यूटिव बोर्ड ने तय किया है कि आपको ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ओलंपिक ऑर्डर आईओसी का सर्वोच्च पुरस्कार है, जो ओलंपिक मूवमेंट में विशिष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। इसके लिए नामांकन ओलंपिक ऑर्डर समिति द्वारा प्रस्तावित किया जाता है। केंद्रीय खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने अभिनव को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

चंद्रयान-3 को

इटली में मिलेगा विश्व अंतरिक्ष पुरस्कार

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का परचम लहराने वाले चंद्रयान-3 मिशन को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष महासंघ द्वारा विश्व अंतरिक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार 14 अक्टूबर को इटली के मिलान में आयोजित होने वाले 75वें अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री सम्मेलन के दौरान दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष महासंघ ने कहा कि इसरो द्वारा चंद्रयान-3 मिशन वैज्ञानिक जिज्ञासा और लागत प्रभावी इंजीनियरिंग के तालमेल का उदाहरण है। यह उत्कृष्टता के लिए भारत की प्रतिबद्धता और अंतरिक्ष अनुसंधान द्वारा मानवता को प्रदान की जाने वाली विशाल क्षमता का प्रतीक है।

कोलंबिया ने

बुल फाइटिंग पर लगाया प्रतिबंध

दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया ने देश में बेहद लोकप्रिय और पारंपरिक खेल बुल फाइटिंग पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने बुल फाइटिंग पर प्रतिबंध लगाने के प्रावधान वाले विधेयक को मंजूरी प्रदान की है। राष्ट्रपति पेट्रो ने कहा कि हम दुनिया को यह नहीं बता सकते कि मनोरंजन के लिए जीवित और चेतना युक्त प्राणियों को मारना संस्कृति है। इस खेल पर रोक लगाना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि कोलंबिया में सदियों से बुल फाइटिंग की परंपरा है। कोलंबिया की संसद ने इस वर्ष मई में बुल फाइटिंग पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया था, जिसे अब मंजूरी मिल गई है।

किंबरले चीटल

अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की निदेशक ने दिया इस्तीफा

अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की निदेशक किंबरले चीटल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने कर्मचारियों को एक ई-मेल भेजकर इस्तीफे की जानकारी दी। वह अगस्त 2022 से इस पद पर कार्यरत थीं। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस का काम राष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा करना है, लेकिन पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले की वजह से सीक्रेट सर्विस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे थे। इसी वजह से किंबरले चीटल ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने इस्तीफे में लिखा कि मैं हुई सुरक्षा में चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हूं, हम ट्रंप को सुरक्षा देने में असफल रहे हैं।

संजय कपूर

फिडे भारत क्षेत्र के अध्यक्ष बने

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के पूर्व प्रमुख संजय कपूर सर्वसम्मति से फेडरेशन इंटरनेशनल डि चेस (फिडे) भारत क्षेत्र के अध्यक्ष चुने गए हैं। एआईसीएफ की वार्षिक बैठक के दौरान संजय कपूर को अगले चार वर्षों के लिए फिडे भारत क्षेत्र का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर फिडे के अध्यक्ष अरकाडी दवोरकोविच ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि संजय कपूर की नई भूमिका भारत में शतरंज प्रशासन के लिए अहम पल है, जिसमें उन्हें वैश्विक स्तर पर खेल के विकास की जिम्मेदारी दी गई है। अध्यक्ष चुने जाने के बाद संजय ने कहा कि मैं देश में शतरंज के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं।

इब्राहिम इस्कंदर

मलेशिया के 17वें राजा बने

इब्राहिम इस्कंदर मलेशिया के नए राजा बन गए हैं। वह मलेशिया के 17वें राजा हैं और अगले पांच वर्षों तक मलेशिया के राजा रहेंगे। मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर के नेशनल पैलेस में नए राजा की ताजपोशी हुई। ताजपोशी समारोह में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम भी उपस्थित थे। मलेशिया में 13 राज्य और 9 शाही परिवार हैं। इन शाही परिवार के मुखिया 9 राज्यों के सुल्तान हैं जो बारी-बारी से 5-5 वर्ष के लिए राजा बनते हैं। सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर जोहोर के शाही परिवार से आते हैं। उनके बड़े बेटे और क्राउन प्रिंस टुंकु इस्माइल भारतीय सेना में कैप्टन रह चुके हैं।

स्मृति शेष

पद्मश्री से सम्मानित किसान कमला पुजारी का निधन

जैविक खेती की समर्थक और पद्मश्री से सम्मानित किसान कमला पुजारी का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह किडनी संबंधित बीमारियों से पीड़ित थीं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि कमला पुजारी ने कृषि में, विशेष रूप से जैविक खेती की पद्धतियों को बढ़ावा देने और स्वदेशी बीजों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि कमला पुजारी ने चावल की 100 किस्मों की खेती की थी। उन्हें वर्ष 2019 में तात्कालिक राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया था।

पूर्व विश्व स्नूकर चैम्पियन रे रियरडन का निधन

ब्रिटेन के दिग्गज स्नूकर खिलाड़ी और छह बार के विश्व चैम्पियन रे रियरडन का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। वर्ष 1967 में पेशेवर स्नूकर खिलाड़ी बने रियरडन ने 1970 के दशक में स्नूकर में अपना दबदबा बनाया। उन्होंने वर्ष 1970, 1973, 1974, 1975, 1976 और 1978 में विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप जीती थी। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य प्रतिष्ठित खिताबों पर भी कब्जा जमाया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1492

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ईमेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन : 0755-2553402, फैक्स : 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक - 578/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 26.07.2024**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 13.08.2024 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2024_WRD_339492	घोड़ाडोंगरी उपसंभाग के 22 के गेट एवं 16 माइनर टैंकों का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	1.11
2.	2024_WRD_339493	शाहपुर उपसंभाग के 15 गेट एवं 12 माइनर टैंकों का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	0.94
3.	2024_WRD_339494	बैतूल उपसंभाग के 21 गेट एवं 14 माइनर टैंकों का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	1.13
4.	2024_WRD_339495	बैतूल उपसंभाग के 2 नं. स्लूस गेटों एवं सिंचाई टैंकों का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	0.89
5.	2024_WRD_339497	मुलताई उपसंभाग के 49 गेट एवं 31 माइनर टैंकों एवं 1 मध्यम टैंकों का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	1.72
6.	2024_WRD_339498	चंदौरा मध्यम परियोजना के रेडियल क्रेस्ट गेट एवं 1 नग नं. स्लूस गेट का आईलिंग ग्रीसिंग का कार्य।	नर्मदापुरम	1.18
7.	2024_WRD_339501	आठनेर उपसंभाग के 24 गेट एवं 11 माइनर टैंकों का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	1.43
8.	2024_WRD_339502	चिचोली भीमपुर उपसंभाग के 21 गेट एवं 11 माइनर टैंकों का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	0.99
9.	2024_WRD_339504	भैसदेही उपसंभाग के 35 स्लूस गेट एवं 21 माइनर सिंचाई टैंकों का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	1.66
10.	2024_WRD_340395	बाणसागर मुख्य बांध में स्थापित 16 नग रेडियल गेट 160 टन क्षमता के व्हाईस्टिंग रेजमेंट, कंट्रोल पैनल एवं पावर सप्लाई सिस्टम का वर्षाकाल पूर्व वार्षिक अनुरक्षण कार्य।	शहडोल	8.45
11.	2024_WRD_341855	उपसंभाग क्र.3 नेपानगर के 6 बैराजों के गेटों को खोलने एवं बंद करना तथा मरम्मत करने का कार्य।	बुरहानपुर	4.36
12.	2024_WRD_341856	उपसंभाग क्र.1 बुरहानपुर के 17 बैराजों के गेटों को खोलने एवं बंद करना तथा मरम्मत करने का कार्य।	बुरहानपुर	9.98
13.	2024_WRD_347331	बारना बांध के 8 नं. रेडियल क्रेस्ट गेटों और 3 नं. सर्विस गेट एवं सैडल डेम के 1 नं. इमरजेंसी गेट के आईलिंग ग्रीसिंग एवं कम्पाउंडिंग का कार्य।	नर्मदापुरम	1.67
14.	2024_WRD_347332	बारना बांध बाड़ी के कैनाल गेटों सी.एच. 34 का डी. 4 गेट सी.एच. 227 गेट 586 और 690 गेट का सुधार कार्य।	नर्मदापुरम	1.30
15.	2024_WRD_347336	सी.आर. एच.आर. एवं स्कैप गेटों का आईलिंग एवं ग्रीसिंग का कार्य।	नर्मदापुरम	1.84
16.	2024_WRD_347338	तवा दायी तट के एच.आर. गेटों के विभिन्न चैनेजों (चैनेज 1819 से 4120) मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	0.75
17.	2024_WRD_347339	हडिया ब्रांच के विभिन्न आर.डी. एच और गेट के (आर.डी. 8685 से 38745) का मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	0.77
18.	2024_WRD_347340	मुलताई उपसंभाग के अंतर्गत पारसडोह मध्यम सिंचाई परियोजना का कांक्रीटिंग एवं पेंटिंग का कार्य।	नर्मदापुरम	0.62
19.	2024_WRD_347341	मुलताई के पारसडोह मध्यम सिंचाई परियोजना के लिये 3 नग कुशल एवं 1 नग अर्द्धकुशल श्रमिक का प्रदाय।	नर्मदापुरम	7.39
20.	2024_WRD_347342	चंदौरा बांध हेतु 2 नग कुशल एवं 2 नग अर्द्धकुशल श्रमिका का प्रदाय।	नर्मदापुरम	6.91
21.	2024_WRD_347343	तवा बांध हेतु कुशल एवं अर्द्धकुशल श्रमिक का प्रदाय।	नर्मदापुरम	10.63
22.	2024_WRD_347344	बारना बांध हेतु कुशल एवं अर्द्धकुशल श्रमिक का प्रदाय।	नर्मदापुरम	5.10
23.	2024_WRD_349206	उपसंभाग घट्टिया के विभिन्न तालाबों का सुधार कार्य।	उज्जैन	1.88
24.	2024_WRD_349207	उपसंभाग शाजापुर के विभिन्न तालाबों का सुधार कार्य।	उज्जैन	1.60
यहाँ की धरोहरों में परमारकालीन अवशेष बिखरे हुए हैं। पूर्व में खांखरा (पलाश) के पेड़ों की अधिकता के कारण इसका खांखरखेड़ी नाम था, जो बाद में शाजापुर हुआ। प्राचीन समय में जिले से निकलने वाली चीलर, कालीसिंध और पार्वती नदी के आसपास यह जिला बसा हुआ था, बाद में इन्हीं बसाहटों ने बड़े शहरों का रूप ले लिया। मूलत: शाजापुर जिले की सभ्यता पुरातन नदी तट की सभ्यता है। इसीलिए जिले के शहरों का गौरवशाली इतिहास है। पुरातत्व की दृष्टि से भी यह जिला महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

वर्ष 1640 में मीर बिगो यहाँ कोतवाल नियुक्त किया गया था। श्री जगन्नाथ रावल के साथ उन्होंने यहाँ चार दिशाओं में चार द्वार निर्मित कराये। शहर के केन्द्र में एक व्यापार क्षेत्र विकसित किया गया था। धीरे-धीरे इस क्षेत्र में आबादी बढ़ी और यह नगर में परिवर्तित हो गया। इस जगह के आसपास एक दीवार भी बनाई गई थी। शाजापुर में बारह क्षेत्र मगरिया, महुपुरा, डाँसी, मुरादपुर, वजीरपुरा, कमरीदपुरा, लालपुरा, दायरा, मुगलपुरा, गोल्याखेड़ी, जुगनबाड़ी और मीरकला स्थित थे।

यह कहा जाता है कि चीलट नदी (पूर्व में चंद्रलेखा) पहले उत्तरी दिशा में बहती थी लेकिन विशाल किले की स्थापना के बाद, किले की सुरक्षा के लिए इसे पूर्व से लाया गया था। पहले सोमवारिया बाजार से होकर बहने वाली नदी को महूपुरा क्षेत्र से होते हुए बादशाही पुल तक ले जाया गया। सन् 1628-1658 में जामा मस्जिद, कई मंदिर आदि विकसित किए गए। औरंगजेब के समय (1656-1707) में, इस क्षेत्र को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया था। मुगलों के पतन के बाद यहां मराठों का शासन रहा। वर्ष 1732 में यह सिंधिया राज्य में शामिल हो गया, जो वर्ष 1948 तक रहा।

संस्कृति एवं विरासत

पुरातन विरासत से समृद्ध इस क्षेत्र में भारतीय संस्कृति का प्रभाव है। यहाँ मंदिर, देवालय और अन्य सांस्कृतिक स्थल हैं, जहाँ आयोजन भी होते हैं। यहाँ के स्थलों में राज राजेश्वरी माता मंदिर, करेड़ी माता मंदिर, पाण्डू खो, नित्यानंद आश्रम, बापू की कुटिया, गिरवर हनुमान मंदिर, डांसी हनुमान मंदिर, मुरादपुरा हनुमान मंदिर, दरगाह-ए-यूसुफी, मक्सी पार्श्वनाथ मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर (कुम्हारिया), इकलेरा माता मंदिर, बोलाई का हनुमार मंदिर, बाबा रामदेव का मंदिर (खाटसूर) और चौबीस जिनालय, आदिनाथ मंदिर आदि प्रमुख हैं। यहाँ के आस्था स्थलों पर मेले लगते हैं। जिसमें जिले भर से लोग शामिल होते हैं। मेलों के अवसर पर मनोरंजन के साथ यहाँ की लोक संस्कृति और परम्परा का वैभव दिखाई देता है।

कंस वधोत्सव- कंस वधोत्सव 150 से अधिक वर्षों से यहाँ मनाया जा रहा है। लोगों में सोमवारिया बज़ार में आयोजित होने वाले कंस वधोत्सव को लेकर अत्यधिक उत्साह दिखाई देता है। यह धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व का एक नाटक है। लोग दशमी की रात को शाजापुर में कंस वधोत्सव मनाते हैं। यह उत्सव मथुरा के अलावा शाजापुर में मनाया जाता है। कहा जाता है कि कंस वधोत्सव का इतिहास गोवर्धन मंदिर से संबंधित है।

कंस वधोत्सव में लोग भगवान श्रीकृष्ण और सैनिकों की भूमिका निभाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण और उनके सैनिक नगर में भ्रमण करते हैं तथा वाद-संवाद बोलते हैं लोग इन्हें एकाग्रता के साथ देखते हैं। जुलूस आधी रात को ठीक 12 बजे कंस चौराहे पर पहुँचता है।

करेड़ी माता

करेड़ी माता मंदिर शाजापुर से 10 किलोमीटर दूर है। यह मंदिर कंकावती माता के रूप में भी जाना जाता है।

करेड़ी माता मंदिर मालवा का मुख्य पूजा स्थल है। यह मंदिर महाभारत समय के राजा कर्ण द्वारा स्थापित किया गया था। माता के कंधे पर एक जलकुंड है, जो हर समय पानी से पूरी तरह भरा रहता है।

श्रद्धालु अलग-अलग स्थानों से करेड़ी माता के दर्शन के लिए आते हैं। रंगपंचमी के दौरान यहां हर वर्ष मेला आयोजित किया जाता है। एक महादेव मंदिर है, जो करेड़ी माता मंदिर से ऊपर है। इस मंदिर के सामने चम्पा का पेड़ है। कई मूर्तियों पर नाग चिन्ह पाया जाता है जो नाग वंश का संकेत है।

शाजापुर अपलैंड



यह क्षेत्र पूरे शुजालपुर तहसील और शाजापुर तहसील के एक छोटे खंड को कवर करते हुए जिले के पूर्वी हिस्से में फैला हुआ है।

यह मालवा पठार का एक हिस्सा है। एक पहाड़ी श्रृंखला उत्तर से इस क्षेत्र में प्रवेश करती है और दक्षिण की ओर बढ़ती है। इस क्षेत्र का दक्षिणी भाग एक ऊबड़ खाबड़ क्षेत्र है और उत्तरी भाग अपेक्षाकृत नीचा है। दक्षिण में पहाड़ियां बिखरी हुई हैं। जहां छोटी-छोटी पहाड़ियां फैली हुई हैं, नेवज नदी इन पहाड़ियों को काटती है। क्षेत्र के पूर्वी भाग और पश्चिमी भाग की जल विभाजन रेखा का निर्धारण नेवज की सहायक नदियों द्वारा किया जा सकता है। नेवज नदी और पार्वती नदी इस क्षेत्र से बहती हैं। पार्वती नदी उत्तर की ओर पूर्वी क्षेत्र में बहती है जबकि नेवज नदी क्षेत्र के बीच में बहती है। दोनों ही नदियां बारहमासी हैं।

उत्पादन

- **रबी की फसल-** गेहूं और चना शाजापुर जिले में उत्पादित रबी मौसम की मुख्य फसल हैं।
- **खरीफ की फसल-** सोयाबीन शाजापुर जिले में उत्पादित खरीफ मौसम की मुख्य फसल है।
- **उद्यानिकी-** संतरा, आलू, प्याज तथा अन्य सब्जियां।

राजराजेश्वरी माता मंदिर

यह शाजापुर का ऐतिहासिक स्थल है। शाजापुर आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग तथा चीलर नदी के तट पर स्थित है। प्राचीन इतिहास के अनुसार, 300 साल पहले वर्ष 1781 में मनीबाई पलटन ने 4 बिघा 2 बिस्वा भूमि दान दी थी। वर्ष 1791 में ताराबाई ने 4106/- रुपये मंदिर निर्माण के लिये दान दिये। मूर्ति की ऊंचाई 6 फीट है, मंदिर के सामने वर्ष 1734 में सभा मंडप का निर्माण किया गया। मंदिर में रिद्धि-सिद्धि और गणपति की मूर्तियां भी स्थापित की गयी हैं। एक कुआं भी मंदिर क्षेत्र में है। धर्मशाला भी भक्तों द्वारा निर्मित की गई है। यह मंदिर आस्था का केंद्र है।

पार्श्वनाथ मंदिर

यह भारत के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। मुख्य मंदिर में पार्श्वनाथ भगवान की मूर्ति है। यह जैन तीर्थ स्थल करीब 2000 साल पुराना है।यह कहा जाता है कि इस मंदिर के क्षेत्र में चोरी असंभव है।

- देवेन्द्र गोरे
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 पर आधारित प्रश्न

1. प्रथम बार आर्थिक सर्वेक्षण किस वर्ष अस्तित्व में आया था?
अ. 1950-51
ब. 1960-61
स. 1970-71
द. 1980-81
उत्तर- अ. 1950-51
व्याख्या- इस समय यह बजट दस्तावेजों का भाग हुआ करता था, बाद में इसे बजट दस्तावेजों से अलग कर दिया गया तथा केन्द्रीय बजट से एक दिन पहले पेश किया जाने लगा।

2. आर्थिक सर्वेक्षण किसके द्वारा तैयार किया जाता है?
अ. भारतीय रिज़र्व बैंक
ब. केन्द्रीय सांख्यिकी विभाग
स. वित्त मंत्रालय
द. उपरोक्त सभी
उत्तर- स. वित्त मंत्रालय
व्याख्या- वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग और मुख्य आर्थिक सलाहकार के पर्यवेक्षण में यह तैयार किया जाता है?

3. आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार वर्ष 2024-25 में वास्तविक GDP (सकल घरेलू उत्पाद) की वृद्धि दर कितने प्रतिशत अनुमानित है?
अ. 6.5 से 7 प्रतिशत
ब. 7 से 7.5 प्रतिशत
स. 6 से 6.5 प्रतिशत
द. 7.5 से अधिक
उत्तर- अ. 6.5 से 7 प्रतिशत

4. वित्त वर्ष 2024 में भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद कितने प्रतिशत से बढ़ा है?
अ. 6.5 ब. 7
स. 8 द. 8.2
उत्तर- द. 8.2
व्याख्या- वित्त वर्ष 2024 के चार तिमाहियों में से तीन तिमाही में यह दर 8 प्रतिशत से अधिक रही है।

5. वित्त वर्ष 2024 में वर्तमान मूल्यों पर समग्र जी. व्ही. ए. (कुल मूल्य वर्धन) में कृषि की भागीदारी कितने प्रतिशत रही?
अ. 17.7 ब. 27.6
स. 54.7 द. उपरोक्त सभी
उत्तर- अ. 17.7
व्याख्या- जी. व्ही.ए. में कृषि, उद्योग और सेवा की हिस्सेदारी क्रमशः 17.7, 27.6 एवं 54.7 प्रतिशत रही।

6. वित्त वर्ष 2024 में चालू खाता घाटा सकल घरेलू उत्पाद का कितने प्रतिशत है?
अ. 0.5 ब. 0.7
स. 8 द. 0.9
उत्तर- ब. 0.7

7. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार विदेशी निवेशकों की निवेश रुचि वित्तीय वर्ष 2024 में कितनी थी?
अ. 47.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर
ब. 50.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर
स. 45.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- स. 45.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर
व्याख्या- गत वित्तीय वर्ष (2023) में विदेशी निवेशकों की निवेश रुचि अधिक (47.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर) थी।

8. वर्ष 2013-14 और 2021-22 के मध्य भारतीय कारखानों में रोज़गार की कुल संख्या 1.04 करोड़ से बढ़कर कितनी हो गई है?
अ. 1.5 करोड ब. 1.36 करोड़
स. 1.85 करोड़ द. 1.9 करोड़
उत्तर- ब. 1.36 करोड़

9. वर्ष 2013-14 और 2021-22 के बीच फैक्ट्री नैकरियों की कुल संख्या में वार्षिक कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?
अ. 3.6 ब. 2.8
स. 3.0 द. 4.0
उत्तर- अ. 3.6
व्याख्या- आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि छोटी फैक्ट्रीयां, जिनमें सौ से कम श्रमिक काम करते हैं, की तुलना में बड़ी फैक्ट्रियों में रोज़गार में 4 प्रतिशत की तेजी से वृद्धि हुई है।

10. आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था, जो 1993 में लगभग 288 बिलियन अमेरिकी डॉलर की थी, हो गई है?
अ. 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर
ब. 3.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- ब. 3.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर

11. औसत राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण की गति वित्त वर्ष 2024 में कितने किलोमीटर प्रतिदिन रही?
अ. 34 ब. 36
स. 38 द. 40
उत्तर- अ. 34
व्याख्या- आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2014 में यह 11.7 किलोमीटर प्रतिदिन थी।

12. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार रेलवे का पूंजीकरण व्यय पिछले वर्षों में कितने प्रतिशत बढ़ा है?
अ. 50 ब. 60
स. 70 द. 77
उत्तर- द. 77

13. वित्त वर्ष 2024 में 21 हवाई अड्डों में नए टर्मिनल भवन बनने से यात्री आवागमन क्षमता में प्रतिवर्ष कितने यात्रियों की वृद्धि हुई है?
अ. 6.2 करोड़ ब. 2 करोड़
स. 3 करोड़ द. 5 करोड़
उत्तर- अ. 6.2 करोड़

14. सर्वेक्षण के अनुसार पिछले 10 वर्षों में अर्थात् 2014 से 2024 में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में कितने गुना वृद्धि नापी गई है?
अ. 2 ब. 1.6
स. 1.8 द. 3
उत्तर- ब. 1.6
व्याख्या- सर्वेक्षण के अनुसार भारत माला परियोजना में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का विस्तार किया है, जिसमें वर्ष 2014 और 2024 के बीच तीव्र गति वाले कॉरिडोर की लंबाई 12 गुना तथा चार लेन सड़कों की लंबाई 2.6 गुना बढ़ गई है।

15. विश्व बैंक के लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स में वर्ष 2023 में भारत की रैंकिंग है?
अ. 54 ब. 44
स. 38 द. 35
उत्तर- स. 38

16. वित्त वर्ष 2024 तक कुल कितने मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बनाये हैं?
अ. 5 ब. 6
स. 7 द. 8
उत्तर- ब. 6

17. वित्त वर्ष 2025 में कितने मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क बनाने की योजना है?
अ. 5 ब. 6
स. 7 द. 8
उत्तर- स. 7

18. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारतीय रेलवे नेटवर्क का विश्व में कौनसा स्थान है?
अ. पहला ब. दूसरा
स. तीसरा द. चौथा
उत्तर- द. चौथा
व्याख्या- भारतीय रेलवे 68584 किलोमीटर मार्ग और 12.54 लाख कर्मचारियों के साथ एकल प्रबंधन के अतंर्गत इस स्थान पर है।

19. वित्त वर्ष 2024 में सड़क अवसंरचना पर केन्द्र सरकार और निजी क्षेत्र द्वारा पूंजी निवेश सकल घरेलू उत्पाद का कितने प्रतिशत है?
अ. 1
ब. 0.5
स. .005
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- अ. 1
व्याख्या- 2015 में यह 0.4 प्रतिशत था, जो 2024 में 1 प्रतिशत अर्थात् 3.01 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

20. आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ते कार्यबल की आवश्यकता को पूरा करने के लिये गैर कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन लगभग कितनी नौकरियां सृजन करने की आवश्यकता है?
अ. 78.5 लाख ब. 50.6 लाख
स. 80 लाख द. 25 लाख
उत्तर- अ. 78.5 लाख

21. भारत एआई मिशन के लिये 2024 में कितने करोड़ रुपये का बजट प्रदान किया गया है?
अ. 75 लाख करोड़ रुपये
ब. 10,300 करोड़ रुपये
स. 50, 500 करोड़ रुपये
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- ब. 10,300 करोड़ रुपये
व्याख्या- एआई का अधिकतम लाभ उठाने के लिये आर्थिक समीक्षा में कई नये सुझाव दिये गये हैं।

22. आर्थिक समीक्षा के अनुसार वर्ष 2029-30 तक गिग कार्यबल कितना होने की उम्मीद है?
अ. 1.35 करोड़ ब. 2.35 करोड़
स. 2.85 करोड़ द. 3.05 करोड़
उत्तर- ब. 2.35 करोड़
व्याख्या- वर्ष 2029-30 तक गिग कार्यबल के गैर कृषि बल का 6.7 प्रतिशत या भारत में कुल आजीविका का 4.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

23. वर्ष 2050 में देखभाल संबंधी कार्यों को करने के लिये कितने लोगों की आवश्यकता का अनुमान आर्थिक समीक्षा में लगाया गया है?
अ. 64.7 करोड़ ब. 50.7 करोड़
स. 75 करोड़ द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- अ. 64.7 करोड़
व्याख्या- 2022 में यह संख्या 50.7 करोड़ थी।

24. आर्थिक समीक्षा के अनुसार 2050 तक बच्चों का हिस्सा कुल जनसंख्या में कितने प्रतिशत रहने का अनुमान है?
अ. 20 ब. 18
स. 25 द. 22
उत्तर- ब. 18
व्याख्या- 18 प्रतिशत अर्थात् 30 करोड़ व्यक्ति

25. वर्ष 2050 तक जनसंख्या में बुजुर्गों का अनुपात कितना होने की संभावना है?
अ. 20.8 ब. 18
स. 25 द. 22
उत्तर- अ. 20.8
व्याख्या- अर्थात् 34.7 करोड़।

26. केयर क्षेत्र (देखभाल संबंधी कार्यों) में सकल घरेलू उत्पाद के 2 प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश से कितने रोज़गार सृजित होने की संभावना है?
अ. 9 मिलियन ब. 10 मिलियन
स. 11 मिलियन द. 12 मिलियन
उत्तर- स. 11 मिलियन
व्याख्या- इस रोज़गार सृजन में 70 प्रतिशत स्थान महिलाओं को मिलेगा।

27. आर्थिक समीक्षा के अनुसार 60-69 वर्ष की आयु की आबादी की अप्रयुक्त कार्यक्षमता के सिल्वर डिविडेंड का उपयोग करने से एशियाई अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद में कितने प्रतिशत वृद्धि होने का अनुमान है?
अ. 1.5 ब. 2
स. 2.5 द. 3.0
उत्तर- अ. 1.5

28. वर्ष 2022-23 में बेरोज़गारी दर कितने प्रतिशत रही?
अ. 4 ब. 3.2
स. 3 द. 5
उत्तर- ब. 3.2

29. वर्ष 2015 से वित्त वर्ष 2022 में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति कामगार की मजदूरी कितने प्रतिशत सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर) से बढ़ी?
अ. 6.9 ब. 6.1
स. 7.0 द. 7.2
उत्तर- अ. 6.9
व्याख्या- शहरी क्षेत्रों में यह प्रतिशत 6.1 रहा।

30. वित्तीय वर्ष 2024 में ईपीएफओ के पेरोल में सालाना शुद्ध वृद्धि वित्त वर्ष 2019 के 61.1 लाख से बढ़कर कितनी हो गई है?
अ. 125 लाख ब. 131.5 लाख
स. 135 लाख द. 140 लाख
उत्तर- ब. 131.5 लाख

31. वर्ष 2015 से 2024 के मध्य ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या कितने प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ी?
अ. 8.4 ब. 8
स. 9 द. 9.4
उत्तर- अ. 8.4

32. आर्थिक समीक्षा के अनुसार वर्ष 2024 में आईपीओ की संख्या कितनी रही?
अ. 260 ब. 272
स. 280 द. 290
उत्तर- ब. 272
व्याख्या- इसमें 66 प्रतिशत वृद्धि हुई है। आईपीओ का मतलब है, किसी कम्पनी के शेयर का पहली बार शेयर मार्केट में आना (प्रारंभिक सार्वजनिक निवेश)।

33. मार्च 2020 से लेकर मार्च 2024 तक एनएसई (नेशलन स्टॉक एक्सचेंज) में निवेशक आधार कितना हो गया है?
अ. 9.2 करोड़ ब. 10 करोड़
स. 8.2 करोड़ द. 5 करोड़
उत्तर- अ. 9.2 करोड़

34. वित्त वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था में कितने करोड़ रुपये का पूंजी निर्माण हुआ?
अ. 12 लाख करोड़ रुपये
ब. 10.9 लाख करोड़ रुपये
स. 13 लाख करोड़ रुपये
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- ब. 10.9 लाख करोड़ रुपये
व्याख्या- यह पूंजी निर्माण वित्त वर्ष 2023 के दौरान निजी एवं सार्वजनिक निगमों के सकल स्थित पूंजी निर्माण का लगभग 29 प्रतिशत है।

35. आर्थिक समीक्षा के अनुसार वैश्विक स्तर पर भारत का सेवा निर्यात देशों में कौनसा स्थान है?
अ. 7वां ब. 8वां
स. 4था द. 3 रा
उत्तर- अ. 7वां
व्याख्या- 2001 में भारत 24वें स्थान पर था।

36. दूरसंचार, कम्प्यूटर, सूचना सेवा निर्यात में भारत का कौनसा स्थान है?
अ. 2 ब. 3
स. 4 द. 5
उत्तर- अ. 2

37. वर्ष 2024 में भारत का कुल व्यापार घाटा है?
अ. 121.6 बिलियन डॉलर
ब. 78.1 बिलियन डॉलर
स. 90 बिलियन डॉलर
द. 100 बिलियन डॉलर
उत्तर- ब. 78.1 बिलियन डॉलर

38. भारत का सेवा निर्यात विश्व के सेवा निर्यात का कितने प्रतिशत है?
अ. .5 ब. 4.3
स. 5 द. 5.4
उत्तर- ब. 4.3

39. वित्त वर्ष 2024 में सकल घरेलू उत्पाद अनुपात में विदेशी ऋण कितने प्रतिशत रहा?
अ. 15 ब. 18.7
स. 24 द. 20
उत्तर- ब. 18.7

40. वर्ष 2023 में भारत का आयात और निर्यात कितने बिलियन डॉलर रहा?
अ. 898, 776
ब. 776, 898
स. 844,789
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- अ. 898, 776
व्याख्या- निर्यात 776 और आयात 898।

41. आर्थिक समीक्षा के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति कितने प्रतिशत रहने का अनुमान है?
अ. 4.1 ब. 4.5
स. 5 द. 5.1
उत्तर- ब. 4.5

- डॉ.माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

चराईदेव मोईदाम : भारत का नया यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल

भारत का इतिहास और संस्कृति विविधता और समृद्धता का प्रतीक है। यहां अनेक सभ्यताओं ने समय-समय पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। इसी अनमोल धरोहर का हिस्सा है असम में स्थित चराईदेव मोईदाम। यह स्थल अहोम साम्राज्य के महान शासकों की समाधि स्थली है। इसे अपनी स्थापत्य कला और सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है। इस ऐतिहासिक स्थल को यूनेस्को द्वारा सांस्कृतिक श्रेणी में विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी गई है। यह इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को वैश्विक स्तर पर रेखांकित करता है। चराईदेव मोईदाम न केवल हमारे अतीत की गौरवशाली कहानियों का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और विरासत को संजोए रखने का भी जीवंत उदाहरण है।

भारत का 43वां यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल

भारत की सांस्कृतिक धरोहर को एक और गौरव प्राप्त हुआ है। नई दिल्ली में 21 से 31 जुलाई, 2024 तक आयोजित 46वीं विश्व धरोहर समिति की बैठक में एक महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। इस बैठक में चराईदेव मोईदाम को सांस्कृतिक श्रेणी में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया। असम में स्थित चराईदेव मोईदाम, अहोम राजवंश के सदस्यों के नश्वर अवशेषों को दफनाने की प्राचीन प्रक्रिया का गवाह है। इस मान्यता के साथ ही चराईदेव मोईदाम भारत का 43वां यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल बन गया है। यह निर्णय न केवल हमारी ऐतिहासिक धरोहर की महत्ता को प्रमाणित करता है, बल्कि इसे वैश्विक मंच पर नई पहचान भी दिलाता है।

आध्यात्मिक मान्यताओं का प्रतीक

चराईदेव को स्थानीय भाषाओं में चे-राय-दोई या चे-ताम-दोई के नाम से जाना जाता है। यह ताई-अहोम राजवंश की गहरी आध्यात्मिक मान्यताओं का प्रतीक है। इस स्थल को पवित्र अनुष्ठानों के लिए समर्पित किया गया था, जो ताई-अहोम राजवंश की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाते हैं। सदियों से चराईदेव एक टीला शवागार के रूप में महत्वपूर्ण बना रहा है। यहां ताई-अहोम राजघरानों के दिवंगत शासकों की आत्माएं परलोक की यात्रा पर निकलती थीं। इस विशेष स्थल का प्रत्येक टीला और समाधि न केवल भूतकाल की कहानियों को संजोए हुए है, बल्कि यह ताई-अहोम राजवंश के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को भी दर्शाता है।

ताई-अहोम विरासत का प्रतीक

पाटकाई पर्वतमाला की तलहटी में स्थित चराईदेव, ताई-अहोम विरासत का एक गहरा प्रतीक है। यह उनकी मान्यताओं, अनुष्ठानों और स्थापत्य कौशल को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से दर्शाता है। यह स्थल सदियों से चली आ रही शाही अंत्येष्टि परंपराओं का एक जीवंत अस्तित्व है। चराईदेव न केवल ताई-अहोम के सांस्कृतिक विकास और आध्यात्मिक जीवन शैली का दृष्टिकोण प्रदान करता है, बल्कि सावधानीपूर्वक संरक्षण प्रयासों के माध्यम से ब्रह्मपुत्र नदी घाटी में ताई-अहोम सभ्यता की स्थायी विरासत को भी प्रमाणित करता है। मोईदाम की वास्तुकला और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ, यह स्थल ताई-अहोम लोगों के अपनी भूमि और दिवंगत राजाओं के प्रति गहरे आध्यात्मिक संबंध की मार्मिक याद भी दिलाता है।

पिछले 600 वर्षों से चल रही परंपरा

ताई-अहोम लोगों की मान्यता के अनुसार उनके राजा दिव्य शक्तियों से संपन्न थे, जिसके परिणामस्वरूप एक अनूठी अंत्येष्टि परंपरा का जन्म हुआ। इस परंपरा के तहत राजवंश के सदस्यों के नश्वर अवशेषों को सम्मानित करने के लिए मोईदाम या गुंबददार टीलों का निर्माण किया गया। यह परंपरा पिछले 600 वर्षों से अनवरत चल रही है। इसके तहत समय-समय पर विभिन्न सामग्रियों का उपयोग किया गया, जिससे वास्तुकला की तकनीकें भी विकसित होती गईं। हर मोईदाम एक दिव्य श्रद्धांजलि है, जो न केवल शासकों की आध्यात्मिक यात्रा को चिह्नित करता है, बल्कि ताई-अहोम समाज की सांस्कृतिक समृद्धि और परंपराओं की गहराई को भी दर्शाता है। यह परंपरा न केवल भूतकाल की कहानियों को जीवित रखती है।

मिस्र के पिरामिडों से होती है तुलना

चराईदेव मोईदाम की तुलना प्राचीन चीन के शाही मकबरों और मिस्र के पिरामिडों से की जाती है। यह शाही वंश की समृद्धि और सम्मान को स्मारकीय वास्तुकला के माध्यम से दर्शाता है। जैसे मिस्र के पिरामिड और चीनी मकबरे शाही परिवारों की दिव्यता और ऐश्वर्य का प्रतीक हैं, वैसे ही चराईदेव मोईदाम की गुंबददार संरचना ताई-अहोम राजवंश की दिव्यता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रमाण हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया और पूर्वोत्तर भारत के विस्तृत ताई-अहोम सांस्कृतिक क्षेत्र में चराईदेव मोईदाम अपनी विशेष पहचान रखता है।

ताई-अहोम राजवंश का इतिहास

चीन से आकर ताई-अहोम राजवंश ने 12वीं से 18वीं शताब्दी तक ब्रह्मपुत्र नदी घाटी के विविध क्षेत्रों में अपनी संप्रभुता स्थापित की। इन राजवंशों का इतिहास समृद्ध और रोमांचक रहा है। इनका सबसे पवित्र स्थल चराईदेव था। इस ऐतिहासिक स्थल पर ताई-अहोम ने पाटकाई पर्वतमाला की तलहटी में चौ-लुंग सिउ-का-फा के अधीन अपनी पहली राजधानी की नींव रखी थी। चराईदेव मोईदाम, इस कालखंड की अनमोल धरोहर का प्रतीक है। यहां राजवंश के शासकों के अवशेषों को दफनाया जाता था। यह स्थल न केवल ताई-अहोम राजवंश की ऐतिहासिक यात्रा का गवाह है।

मोईदाम का निर्माण

मोईदाम का निर्माण अत्यंत सावधानीपूर्वक और विशिष्ट प्रक्रिया थी। यह ताई-अहोम समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक श्रद्धा को दर्शाती है। प्रारंभ में लकड़ी का उपयोग करके बनाए गए ये समाधि स्थल समय के साथ पत्थर और ईंटों से सजाए गए। इस निर्माण प्रक्रिया का विस्तृत विवरण चांगरुंग फुकन में मिलता है, जो अहोमों का एक प्रामाणिक ग्रंथ है। शाही दाह संस्कार की रस्में अत्यंत भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न की जाती थीं। यह न केवल दिवंगत शासकों की आत्मा को सम्मानित करती थीं, बल्कि ताई-अहोम समाज की पदानुक्रमिक संरचना और सांस्कृतिक परंपराओं को भी उजागर करती थीं।

राजा के साथ वस्तुओं को दफनाया जाता

मोईदाम के प्रत्येक गुंबददार कक्ष में एक केंद्रीय उठाव होता है, जहां शाही शव को सम्मानपूर्वक रखा जाता था। इस पवित्र स्थल पर राजा के साथ उनके जीवनकाल में उपयोग की जाने वाली अनमोल वस्तुओं को भी दफनाया जाता था। इनमें शाही प्रतीक चिन्ह, लकड़ी और हाथी दांत से बने वस्त्र, सोने के पेंडेंट, चीनी मिट्टी के बर्तन और विभिन्न प्रकार के हथियार शामिल होते थे। विशेष रूप से केवल लुक-खा-खुन कबीले से जुड़े वस्त्र भी इस दफन प्रक्रिया का हिस्सा बनते थे। ये वस्त्र और सामग्रियां न केवल मृतक के जीवन की भव्यता और समृद्धि को दर्शाती थीं, बल्कि उनका उद्देश्य दिवंगत शासकों को परलोक में उनकी पूरी ऐश्वर्य और शक्ति के साथ भेजना भी था।

दो मंजिला होता है मोईदाम

मोईदाम की संरचना में विशेष प्रकार के दो मंजिला गुंबददार कक्ष होते हैं, जिन तक पहुंचने के लिए मेहराबदार मार्ग बनाए जाते हैं। इन कक्षों के बीच में एक उभरा हुआ स्थान होता है, जहां मृतकों को उनके शाही चिह्नों, हथियारों और व्यक्तिगत सामानों के साथ दफनाया जाता था। ये गुंबददार कक्ष परंपरागत वास्तुकला की अद्वितीय मिसाल पेश करते हैं, जिसमें ईंटों, मिट्टी और वनस्पतियों की परतों का संयोजन किया गया है। इस विशिष्ट निर्माण शैली ने मोईदाम को एक सौम्य पहाड़ी परिदृश्य में बदल दिया, जो न केवल वास्तुकला की उत्कृष्टता को दर्शाता है, बल्कि दिवंगत शासकों की पवित्रता और दिव्यता को भी प्रदर्शित करते हैं।

चराईदेव मोईदाम का इतिहास और आध्यात्मिक महत्व ताई-अहोम राजवंश की अनूठी संस्कृति को प्रकट करता है। यह स्थल भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक जीवंत प्रमाण है। यूनेस्को द्वारा इस स्थल को मान्यता देना असम और भारत के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि है।

- निशा त्यागी

(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं और समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं)

संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग

छटवीं मंजिल, विन्ध्याचल भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

दूरभाष क्रमांक : 0755-2578491, E-mail ID : essttdirhorti@gmail.com

क्रमांक/उद्यान/स्था./2024-25/3326 भोपाल, दिनांक : 31.07.2024

विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजन की भर्ती हेतु विज्ञापन

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 8-2/2013/आ.प्र./एक दिनांक 04.01.2024 के प्रावधान अनुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजन के पद की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। विज्ञापित पदों हेतु आवेदन पत्र **दिनांक 20.08.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक** स्वयं अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से संचालनालय, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, भोपाल-462004 के नाम से संबोधित कर प्रेषित करें। तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, दिव्यांगजन की श्रेणी निर्धारित योग्यता की जानकारी निम्नानुसार है:-

तृतीय श्रेणी

क्र.	पद का नाम	पद की संख्या	दिव्यांगजनों के विकलांगता की श्रेणी				वेतनमान
			दृष्टि बाधित और कम दृष्टि (1.5%)	बहरे और कम सुनने वाले (1.5%)	लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित हैं- सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीडित, मस्कुलर डिस्ट्राफी (1.5%)	ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता (1.5%)	
1.	वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी	05	02	01	01	01	9300-34800+3600
2.	ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी	22	06	06	05	05	5200-20200+2400
	कुल योग	**27**	**08**	**07**	**06**	**06**	

उक्त पदों से संबंधित आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप, शैक्षणिक अर्हता, शर्तें एवं आवेदन करने के लिए आवश्यक निर्देश विभाग की वेबसाइट **www.mphorticulture.gov.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय प्रमुख

G-14458/R-49910/2024 उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण (म.प्र.)

कार्यालय प्राचार्य
परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स भोपाल

ISO:9001:2008, E-mail : petcsc.bpl@gmail.com, Phone : 0755-2666615

पत्र/प्रशि./न.स-36/2024/158 भोपाल, दिनांक : 01.08.2024

विज्ञप्ति

राज्य सेवा परीक्षा 2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु विज्ञापन

म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा परीक्षा 2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र श्यामला हिल्स भोपाल में निम्न शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. आवेदक म.प्र. राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य हो।
2. आवेदक के परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रुपये 6.00 लाख से अधिक न हो।
3. आवेदक को म.प्र. राज्य सेवा परीक्षा 2025 की प्रारंभिक परीक्षा हेतु आवेदन करना अनिवार्य होगा अन्यथा उसका प्रवेश निरस्त किया जावेगा एवं दिये गए शासकीय लाभ की उनसे वसूली की जावेगी।
4. केन्द्र में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष व अधिकतम 35 वर्ष है।
5. आवेदक ने स्नातक परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की हो।
6. प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी होगा।
7. पीएससी प्रशिक्षण की कुल अवधि अधिकतम 12 माह की होगी। पीएससी की प्रारम्भिक परीक्षा/मुख्य परीक्षा के परिणाम आने के बाद असफल अभ्यर्थियों का नाम प्रशिक्षण से निरस्त कर दिया जावेगा।
8. आवेदक यदि विगत 5 वर्षों में से किसी भी वर्ष की पी.एस.सी प्रारम्भिक या मुख्य परीक्षा में सफल रहा हो तो उन्हें प्रवेश में प्राथमिकता दी जावेगी।
9. प्रशिक्षण पूर्ण कालिक है अतः प्रशिक्षणार्थी को किसी भी महाविद्यालय/पाठ्यक्रम में नियमित अध्ययनरत नहीं होना चाहिए प्रवेश के समय मूल टी.सी. जमा कराना अनिवार्य होगा।
10. आवेदक ने अनुसूचित जाति विकास के अन्तर्गत संचालित किसी भी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त न किया हो।
11. प्रशिक्षण में चयन हेतु स्नातक परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर मैरिट तैयार कर प्रवेश दिया जावेगा।
12. प्रशिक्षण प्रारंभ होने की संभावित दिनांक 02 सितम्बर 2024 है।

उपरोक्तानुसारपात्रएवंइच्छुकउम्मीदवारअनुसूचितजातितथाअनुसूचितजनजातिकाप्रमाणपत्र,आयप्रमाणपत्र,स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक अभिलेखों की छायाप्रतियों के साथ **दिनांक 23 अगस्त 2024 तक** संस्थान के **E-mail : petcsc.bpl@gmail.com** अथवा, डाक से या व्यक्तिगत रूप से परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में सम्पर्क कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिये परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल के दूरभाष क्रमांक 0755-2666615 पर सम्पर्क कर सकते है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राचार्य

जी-14452/49909/2024 परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, भोपाल (म.प्र.)

फ्रांस करेगा शीतकालीन ओलंपिक-2030 की मेजबानी

पेरिस, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने वर्ष 2030 में आयोजित होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी फ्रांस को सौंपने का ऐलान किया है। इन खेलों का आयोजन फ्रेंच आल्प्स में किया जाएगा। फ्रांस इससे पहले वर्ष 1924, 1968 और 1992 में शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर चुका है। फ्रांस को मेजबानी कुछ शर्तों पर सौंपी गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईओसी को आश्वासन दिया है कि पेरिस ओलंपिक-2024 के समापन के बाद जो भी सरकार गठित होगी वह इस आयोजन से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करेगी। आईओसी की बैठक में फ्रांस को मेजबानी सौंपने के पक्ष में 84 सदस्यों ने मतदान किया वहीं 4 सदस्यों ने इसके विरोध में मत दिया। बैठक में अमेरिका के साल्ट लेक सिटी शहर को वर्ष 2034 के शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी सौंपी गई है।

पेरिस ओलंपिक - 2024

मनु ने दो कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

पेरिस, भारत की युवा निशानेबाज मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। मनु ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है। मनु एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। मनु ने दोनों कांस्य पदक निशानेबाजी में जीते हैं।

मनु ने पहला पदक महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता। मनु ने स्पर्धा के क्वालिफाइंग राउंड में 580 अंकों के साथ फाइनल में जगह बनाई थी। स्पर्धा में मनु की साथी रिदम सांगवान 15वें स्थान पर रहीं। फाइनल राउंड में मनु ने शीर्ष दो खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दी। मनु ने फाइनल में 221.7 अंक अर्जित किए और तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता।

इस स्पर्धा में मनु महज 0.1 अंक से रजत पदक जीतने से वंचित रह गईं। मनु जब स्पर्धा से बाहर हुईं तब वह दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी येजी किम से सिर्फ 0.1 अंक से पीछे थीं। येजी ने स्पर्धा में 241.3 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

मनु और सरबजोत की जोड़ी ने भी जीता पदक

पेरिस ओलंपिक में भारत को दूसरा पदक मनु और सरबजोत की जोड़ी ने दिलाया। मनु ने प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता। स्पर्धा के क्वालिफाइंग राउंड में मनु और सरबजोत की जोड़ी ने 580-20 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक मुकाबले में जगह बनाई। मुकाबले में भारतीय जोड़ी का सामना ओह ये जिन और ली वोन हो की दक्षिण कोरियाई जोड़ी से हुआ। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला 16-10 के अंतर से जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक सर्बिया ने जीता, वहीं रजत पदक तुर्किये के नाम रहा।

- भारत ने 12 वर्ष बाद निशानेबाजी में ओलंपिक पदक जीता है।
- इससे पहले भारत ने लंदन ओलंपिक-2012 में निशानेबाजी में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था।
- मनु ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज हैं।
- मनु ने टोक्यो ओलंपिक-2020 में भी हिस्सा लिया था, लेकिन वे पिस्टल में खराबी की वजह से बाहर हो गई थीं।
- सरबजोत सिंह ने पहली बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया।

एशिया कप-2025
भारत करेगा मेजबानी

मुंबई, भारत वर्ष 2025 में पुरुष एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। यह टूर्नामेंट ट्वेंटी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। भारत में लगभग 34 वर्ष बाद पुरुष एशिया कप का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले भारत ने वर्ष 1990-91 में एशिया कप की मेजबानी की थी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की ओर से प्रायोजकों के लिए जारी इन्विटेशन फॉर एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट दस्तावेज से यह जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 में एशिया कप छह टीमों के बीच ट्वेंटी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा।

चीन ने जीता ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक

पेरिस, फ्रांस में खेलों के महाकुंभ ओलंपिक का आगाज हो गया है। पेरिस ओलंपिक में पहला स्वर्ण पदक चीन के नाम रहा। चीन ने निशानेबाजी की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में यह स्वर्ण पदक जीता। स्पर्धा में चीन के शेंग लिहाओ और हुआंग युतिंग की जोड़ी ने 632.2 अंकों के साथ स्वर्ण पदक पर निशाना लगाया। इस स्पर्धा का रजत पदक दक्षिण कोरियाई जोड़ी ने जीता, वहीं कजाखस्तान की जोड़ी ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

स्वप्निल ने भारत को दिलाया तीसरा कांस्य पदक

पेरिस, ओलंपिक खेलों में भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। मनु भाकर और सरबजोत के बाद अब स्वप्निल कुसाले ने भारत के लिए तीसरा कांस्य पदक जीता है। स्वप्निल को 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है।

स्वप्निल ने स्पर्धा के क्वालिफाइंग राउंड में सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने क्वालिफाइंग राउंड में 590 अंक बटोरे। फाइनल राउंड में स्वप्निल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्वप्निल ने नीलिंग राउंड में धीमी शुरुआत करते हुए 153.3 स्कोर किया। वह इस राउंड में छठवें स्थान पर रहे। इसके बाद प्रोन राउंड में उन्होंने 156.8 अंक अर्जित कर अपनी पोजिशन बेहतर की। प्रोन राउंड के बाद वह पांचवें स्थान पर आ गए थे। स्पर्धा में पदक जीतने के लिए स्वप्निल को स्टेंडिंग राउंड में दमदार खेल दिखाने की जरूरत थी। उन्होंने

स्टेंडिंग राउंड में पहली सीरीज में 51.1 और दूसरी सीरीज में 50.4 सहित कुल 101.5 अंक हासिल किए और एलिमिनेशन राउंड में जगह बनाई।

एलिमिनेशन राउंड में स्वप्निल ने 451.4 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक चीन के लियु युकुन ने जीता, वहीं यूक्रेन के सेरिही कुलिश ने रजत पदक अपने नाम किया। युकुन ने 463.6 स्कोर के साथ इस स्पर्धा का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

ओलंपिक से बाहर हुए अमित और जैस्मीन

पेरिस, ओलंपिक खेलों में पदक के दावेदार भारत के अनुभवी मुक्केबाज और पूर्व विश्व चैम्पियन अमित पंघाल निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ओलंपिक से बाहर हो गए हैं। पुरुषों की 51 किलोग्राम भार वर्ग स्पर्धा में उतरे अमित को राउंड-16 में अफ्रीकी खेलों के चैम्पियन और तीसरी वरीय जाम्बिया के पैट्रिक चिन्येम्बा के हाथों 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। अमित के अलावा महिला मुक्केबाज जैस्मीन लम्बोरिया भी पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गई हैं।

मुक्केबाज ओगुनसेमिलोर डोपिंग में निलंबित

पेरिस, नाइजीरिया की 22 वर्षीय महिला मुक्केबाज सिंथिया ओगुनसेमिलोर डोपिंग की दोषी पाए जाने के बाद पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गई है। ओगुनसेमिलोर ने पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 60 किलोग्राम लाइटवेट भार वर्ग में क्वालिफाई किया था। ओगुनसेमिलोर को प्रतिबंधित डोपिंग पदार्थ के सेवन का दोषी पाया गया है।

भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने लिया संन्यास

पेरिस, भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने टेनिस को अलविदा कह दिया है। बोपन्ना ने पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल वर्ग के पहले दौर में हार के बाद कहा कि उन्होंने भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेल लिया है। ओलंपिक में रोहन बोपन्ना और एन. श्रीराम बालाजी की भारतीय जोड़ी को एडवर्ड वासेलिन और गेल मोनफिल्स की फ्रांसीसी जोड़ी से 5-7, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1996 के अटलांटा ओलंपिक में लिएंडर पेस ने भारत को टेनिस में कांस्य पदक दिलाया था, इसके बाद से ही भारत

टेनिस में पदक नहीं जीत पाया। हालांकि वर्ष 2004 में लिएंडर पेस और महेश भूपति तथा वर्ष 2016 में रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक मुकाबले में जगह बनाई, लेकिन वे पदक जीतने में असफल रहे।

मार्टिनेघी ने खत्म की एडम पेटी की बादशाहत

पेरिस, इटली के युवा तैराक निकोलो मार्टिनेघी ने पेरिस ओलंपिक की तैराकी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। निकोलो ने पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में ब्रिटेन के दिग्गज तैराक एडम पेटी की बादशाहत खत्म कर दी है। निकोलो ने 59.03 सेकेंड के साथ इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। निकोलो ने टोक्यो ओलंपिक में 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था, वह इस बार अपने पदक का रंग बदलने में सफल रहे हैं।

श्रीलंका को हराकर

भारत ने 3-0 से जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

पल्लेकल, भारतीय क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को उसी के घर में ट्वेंटी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप कर दिया है। भारत ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में भारत ने श्रीलंका को सुपर ओवर में हराया।

मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 48 रन के अंदर 5 बल्लेबाजों को आउट कर भारत को दबाव में ला दिया। भारत के लिए शुभमन गिल ने 39 रन की पारी खेली, वहीं रियान पराग ने 26 और वाशिंगटन सुंदर ने 25 रन बनाये। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 137 रन बनाये।

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम को ओपनिंग बल्लेबाज पथुम निशांका (26) और कुसल मेंडिस

(43) ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। इनके बाद बल्लेबाजी करने आए कुसल पेरेरा (46) ने भी शानदार पारी खेली। श्रीलंकाई टीम एक समय 110 रन के स्कोर पर एक विकेट खोकर मजबूत स्थिति में थी, तभी भारतीय गेंदबाजों ने बेहतरीन वापसी की और कसी गेंदबाजी कर श्रीलंकाई बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया, जिसके कारण श्रीलंका की टीम 137 रन ही बना सकी।

मैच टाई होने के बाद सुपर ओवर खेला गया। सुपर ओवर में वाशिंगटन सुंदर ने घातक गेंदबाजी की और 2 रन देकर श्रीलंका के दो बल्लेबाजों का आउट कर दिया। भारत को जीत के लिए 3 रनों का लक्ष्य मिला। भारत के लिए बल्लेबाजी करने उतरे सूर्यकुमार यादव ने पहली गेंद पर चौका लगाकर भारत को यादगार जीत दिलाई।

- सूर्यकुमार यादव ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार कप्तानी की।
- बतौर कोच गौतम गंभीर की भारतीय टीम के साथ यह पहली सीरीज थी।
- ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच हारने वाली टीम बन गई है श्रीलंका।

महिला एशिया कप

श्रीलंका ने पहली बार जीता खिताब

दाम्बूला, श्रीलंका ने महिला एशिया कप का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट के फाइनल में श्रीलंका ने भारत को 8 विकेट से हराया। मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। भारतीय टीम को स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने मजबूत शुरुआत दिलाई। इसके बाद शेफाली (16), उमा छेत्री (9) और हरमनप्रीत कौर (11) जल्द आउट हो गईं, वहीं मंधाना ने जेमिमाह रोड्रिग्ज (29) के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। मंधाना ने 47 गेंदों पर 60 रन बनाये और भारत को 6 विकेट पर 165 रन तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत खराब रही। इसके बाद चामरी अट्टापट्टू और हर्षिता समरविक्रमा ने आक्रामक बल्लेबाजी की और दूसरे विकेट के लिए 87 रनों की साझेदारी की। अट्टापट्टू

ने 61 रन बनाये वहीं समरविक्रमा ने 69 रनों की नाबाद पारी खेली। इनके अलावा कविशा दिलारी ने 30 रन बनाकर श्रीलंका को जीत दिलाई।

- श्रीलंका ने पहली बार जीता है महिला एशिया कप।
- भारत ने सात बार और बांग्लादेश ने एक बार जीता है यह खिताब।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

• 'वाटर डिपार्टमेंट ऑफ द ईयर' •

केंद्रीय जल आयोग ने जीता पुरस्कार

केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) को नई दिल्ली में ग्लोबल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट फाउंडेशन (जीईईएफ) द्वारा प्रतिष्ठित ग्लोबल वाटर टेक समिट-2024 में 'वाटर डिपार्टमेंट ऑफ द ईयर' श्रेणी के तहत जीईईएफ ग्लोबल वाटरटेक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह वैश्विक पुरस्कार जल क्षेत्र की अनेक श्रेणियों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करता है। यह पुरस्कार जल, सीवर के पानी आदि क्षेत्रों में नवाचार, प्रौद्योगिकी, संरक्षण और निरंतर विकास से संबंधित पहलों को सम्मानित करने के लिये दिया जाता है। शिखर सम्मेलन में पुरस्कार प्राप्त करते समय, सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष श्री कुशविंदर बोहरा ने भारत में जल संसाधन परिदृश्य का एक व्यावहारिक अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें जल प्रबंधन में नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए उद्योग से महत्वपूर्ण अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उत्कृष्टता के लिए सीडब्ल्यूसी की प्रतिबद्धता और जल प्रौद्योगिकी तथा संसाधन प्रबंधन को आगे बढ़ाने के निरंतर प्रयासों पर बल देता है।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक

केंद्र और राज्यों के सामूहिक प्रयासों से विकसित भारत@2047 का सपना साकार होगा: प्रधानमंत्री

विकसित भारत का सपना विकसित राज्यों के माध्यम से साकार किया जा सकता है। प्रत्येक राज्य और जिले को 2047 के लिए एक विजन बनाना चाहिए, ताकि 2047 में विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सके। यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। इसमें 20 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले मुख्यमंत्रियों, उप-राज्यपालों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत ने पिछले दस वर्षों में विकास की गति को बनाए रखा है। वर्ष 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी लेकिन आज भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि अब सरकार और सभी नागरिकों का सामूहिक लक्ष्य दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

प्रगति के पीछे प्रेरक शक्ति है

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश ने पिछले दस वर्षों में सामाजिक और आर्थिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करके पहले ही काफी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि पहले मुख्य रूप से आयात पर निर्भर एक देश, भारत अब दुनिया को कई उत्पाद निर्यात करता है। देश ने रक्षा, अंतरिक्ष, स्टार्ट-अप और खेल जैसे व्यापक क्षेत्रों में विश्व मंच पर अपनी पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ नागरिकों के आत्मविश्वास और उत्साह की सराहना की जो हमारे देश की प्रगति के पीछे प्रेरक शक्ति हैं।

विकसित राज्यों से बनेगा विकसित भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बदलाव का दशक है जो विभिन्न क्षेत्रों में ढेरों अवसर लेकर आया है। उन्होंने राज्यों को इन अवसरों का उपयोग करने और नीति निर्माण और क्रियान्वयन में नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से विकास के लिए अनुकूल नीतियां बनाने और शासन के कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के विजन को विकसित राज्यों के माध्यम से साकार किया जा सकता है और विकसित भारत की आकांक्षा जमीनी स्तर यानी प्रत्येक जिले, ब्लॉक और गांव तक पहुंचनी चाहिए। इसके लिए, प्रत्येक राज्य और जिले को 2047 के लिए एक विजन बनाना चाहिए, ताकि 2047 में विकसित भारत को साकार किया जा सके।

कौशल और प्रशिक्षण पर जोर दिया

प्रधानमंत्री ने युवाओं को रोज़गार के लिए तैयार करने के लिए कौशल और प्रशिक्षण पर जोर दिया उन्होंने कहा कि आज दुनिया कुशल मानव संसाधन के लिए भारत की ओर अनुकूल रूप से देख रही है। उन्होंने राज्यों को निवेशक के अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने नीति आयोग को मापदंडों का एक 'निवेश-अनुकूल चार्टर' तैयार करने का निर्देश दिया, जिसमें निवेश आकर्षित करने के लिए लागू की जाने वाली नीतियां, कार्यक्रम और प्रक्रियाएं शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि निवेश आकर्षित करने के लिए केवल प्रोत्साहन की बजाय कानून और व्यवस्था, सुशासन और इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी जोर दिया जाये।

गरीबी खत्म करने से आयेगा बदलाव

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें विकसित भारत के लिए प्राथमिकता के रूप में गरीबी से मुक्ति को लक्षित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें गरीबी से निपटने के लिए केवल कार्यक्रम स्तर पर नहीं, बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर काम करना होगा। जमीनी स्तर से गरीबी को खत्म करने से ही हमारे देश में बदलाव आएगा। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों को कृषि में उत्पादकता और विविधीकरण बढ़ाने तथा किसानों को बाजार से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाने पर जोर दिया, जिससे मिट्टी की उर्वरता में सुधार हो सकता है, कम लागत के कारण किसानों को बेहतर और त्वरित लाभ मिल सकता है और उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार भी उपलब्ध हो सकता है।

हमास प्रमुख इस्माइल हानिया की मौत इजराइल पर लगे हत्या के आरोप

हमास और इजराइल के बीच पिछले सात महीने से अधिक समय से जारी युद्ध के बीच हमास की राजनीतिक शाखा के प्रमुख इस्माइल हानिया की ईरान में हत्या हो गई। ईरान के अर्धसैनिक बल ईरान रेवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) ने इसकी पुष्टि की है। इस्माइल हानिया को वर्ष 2018 में अमेरिका ने आतंकवादी घोषित किया था। हानिया, हमास की राजनीतिक शाखा 'इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन हमास' का प्रमुख था। हमास का 2007 से गाजा पट्टी पर शासन है। इस्माइल हानिया ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए तेहरान पहुंचे थे। पेजेशकियन के शपथ समारोह में करीब 70 देशों के नेता पहुंचे थे। हानिया का जन्म 29 जनवरी 1962 को गाजा पट्टी के शाती शरणार्थी शिविर में हुआ था। इस्राइल और फिलिस्तीन के बीच गाजा पट्टी हमेशा से विवाद का कारण रहा है। ऐसे में गाजा पट्टी में रहने के दौरान इस्माइल हानिया के मन में फिलिस्तीन को एक अलग देश बनाने की इच्छा पनपी। हानिया ने गाजा की इस्लामिक यूनिवर्सिटी से अरब साहित्य में स्नातक किया था और यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान ही वह हमास के संपर्क में आया। इस्माइल हानिया, मुस्लिम ब्रदरहुड से भी जुड़ा और यूनिवर्सिटी में वह मुस्लिम ब्रदरहुड की छात्र परिषद का प्रमुख भी रहा था। हानिया 90 के दशक में हमास से जुड़ा और शुरुआत में वह हमास की चैरिटेबल गतिविधियों से जुड़ा और बाद में हमास की राजनीतिक शाखा से जुड़ गया।

ब्रिक्स सदस्यों के बीच भारत ने एमएसएमई से जुड़ी बुनियादी सूचनाओं की जानकारी साझा की

केंद्रीय वाणिज्य सचिव श्री सुनील बर्थवाल ने रूस फेडरेशन की 14वीं ब्रिक्स व्यापार मंत्रियों की बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर श्री सुनील बर्थवाल ने ब्रिक्स (ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात) के नए सदस्यों का स्वागत किया और इस वर्ष उनकी सार्थक भागीदारी के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने विश्व व्यापारिक संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मूल में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को मजबूत करने, संयुक्त मूल्य श्रृंखलाओं के प्रभावी कामकाज, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के बीच बातचीत का विस्तार, डिजिटलीकरण एवं ई-कॉमर्स पर भारत की सफलता की कहानी और विशेष आर्थिक क्षेत्रों के बीच सहयोग की प्रासंगिकता की आवश्यकता को व्यक्त किया।

कागज रहित व्यापार पर जोर दिया

केंद्रीय वाणिज्य सचिव ने डब्ल्यूटीओ के दीर्घकाल से लंबित अनिवार्य मुद्दों, विशेष रूप से विकास पहलू और विशेष तथा अंतर उपचार के लिए समाधान के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने हरित बदलाव और जलवायु लचीलेपन के लिए प्रौद्योगिकियों तक पहुंच बनाने के लिए सहयोग पर जोर दिया। वाणिज्य सचिव ने व्यापार को प्रभावित करने वाले जलवायु संबंधी एकतरफा उपायों पर चिंता व्यक्त की क्योंकि ऐसे उपाय विशेष बहुपक्षीय पर्यावरण समझौतों और उल्लंघनकारी एनडीसी सिद्धांतों के तहत अधिकारों और दायित्वों को निष्प्रभावित कर देते हैं।

ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता

वाणिज्य सचिव ने एमएसएमई से संबंधित विकास और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ उनके एकीकरण के महत्व के बारे में उल्लेख किया। उन्होंने वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान एमएसएमई के लिए सूचना तक पहुंच बढ़ाने के लिए जयपुर में की गई कार्रवाई के आह्वान को दोहराया और ब्रिक्स सदस्यों के बीच एमएसएमई से संबंधित बुनियादी सूचनाओं को संकलित करने के प्रयास की जानकारी दी।

पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोग आइडियाज4लाइफ पोर्टल पर दें अपने विचार

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने पर्यावरण, वन उत्पादों और सेवाओं से संबंधित विचारों को आमंत्रित करने के लिए आइडियाज4लाइफ शुरू किया है। इस पोर्टल पर पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली से संबंधित व्यवहार परिवर्तन को प्रेरित करने वाले लोग अपने विचार साझा कर सकेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने छात्रों, शोधार्थियों, शिक्षकों और नवान्वेषकों से आह्वान किया कि वे अभिनव और लीक से हटकर विचारों के साथ आएं जो संसाधनों के सावधानीपूर्वक और विचारशील उपयोग के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में काम करें।

श्री यादव ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को मिशन लाइफ की वैश्विक पहल में अपने अभिनव विचारों का योगदान करने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि प्रेरित दिमागों के लिए पर्यावरणीय स्थिरता के लिए समर्पित वैश्विक आंदोलन में शामिल होने का यह एक उल्लेखनीय अवसर है।

प्रकृति की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रकृति से हमें जो भी बुनियादी चीजें प्राप्त होती हैं, वह विशुद्ध होती हैं, लेकिन बदले में हमारा उत्पादन अशुद्ध होता है। उन्होंने कहा कि यह आत्मनिरीक्षण करने और प्रकृति की रक्षा करने तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बनाए रखने में मदद करने का समय है। प्रकृति हमें जीवन यापन के लिए भोजन, तेल, ऊर्जा और औषधि प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि जब प्रकृति हमें वह सब कुछ देती है जो जीवित रहने के लिए आवश्यक है, तो उसकी रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है।

देश के वरिष्ठ कलाकारों की वित्तीय सहायता कर रही है केंद्र सरकार

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में जानकारी दी कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा 'वरिष्ठ कलाकारों के लिए वित्तीय सहायता' नाम से एक योजना का संचालन किया जाता है। इस योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ कलाकारों को 6000/- रुपये प्रति माह तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह वित्तीय सहायता उन वरिष्ठ कलाकारों के लिए है जिनकी वार्षिक आय 72,000/- रुपये से अधिक नहीं है और जिन्होंने अपनी सक्रिय आयु में अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है या अब भी कला, साहित्य आदि के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं, लेकिन वृद्धावस्था के कारण स्थिर आय उत्पन्न करने में असमर्थ हैं। हालांकि, इस योजना के तहत कलाकारों को प्रदान की जा रही वित्तीय सहायता सीसीएस (पेंशन) नियमों द्वारा शासित पारंपरिक अर्थों में किसी भी प्रकार की पेंशन नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की यह अनवरत कोशिश रही है कि वरिष्ठ कलाकारों को इस योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने में उनकी मदद का प्रयास किया जाए। इस योजना के तहत वित्तीय सहायता की 4000/- रुपये प्रति माह की राशि जून, 2022 से बढ़ाकर 6000/- रुपये प्रति माह कर दी गई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।